दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
n वर्ष : 10 अंक : 97 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 30 अप्रैल, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2
jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt



## मुख्यमंत्री, केन्द्रीय आवास, शहरी कार्य व विद्युत मंत्री ने ली ऊर्जा, नगरीय विकास विभाग की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक

# डबल इंजन की सरकार से राज्य में शहरी बुनियादी ढांचे का हो रहा सुदृढ़ीकरण : भजनलाल शर्मा

### राजस्थान के विकास में केन्द्र सरकार करेगी हरसंभव मदद



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राज्य सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसमें ऊर्जा एवं नगरीय विकास विभाग की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली तंत्र तथा शहरी बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। हमारी डबल इंजन की सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को सफलता पूर्वक धरातल पर उतार रही है, जिससे प्रदेश की 8 करोड़ जनता को लाभ मिल रहा हैं। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर केन्द्रीय आवास, शहरी कार्य एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल के साथ ऊर्जा एवं नगरीय विकास विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन्द्र और राज्य सरकार की संयुक्त परियोजनाओं को केन्द्र के साथ समन्वय बनाते हुए समयबद्ध रूप से पूरा करें। शर्मा ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि हम राज्य के किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली देने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे है। इस लक्ष्य को हासिल करने में पीएम कुसुम योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत राज्य में कम समय में ही लगभग 800 मेगावाट के विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हुए हैं। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति के लिए उत्पादन इकाइयों एवं प्रसारण तंत्रों का उचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए।



## रबी सीजन के दौरान किसानों को हुई निर्बाध बिजली आपूर्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। पिछली राज्य सरकार की नीतियों की वजह से हमारी थर्मल इकाइयां कोयला आपूर्ति के संकट से जूझ रही थीं लेकिन केन्द्र सरकार के सहयोग से अब हमारे थर्मल बिजलीघरों के पास पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि रबी सीजन के दौरान राज्य सरकार ने प्रदेश के किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की है। साथ ही, फरवरी से अब तक की पीक डिमांड 19 हजार 165 मेगावाट को भी पूरा किया गया है। उन्होंने केंद्रीय विद्युत उत्पादन संयंत्रों के कॉमन पूल से प्रदेश को आवंटित अस्थायी विद्युत कोटे के रूप में पूरा सहयोग देने के लिए केन्द्र सरकार को धन्यवाद दिया। शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री से प्रदेश की पीक ऑवर्स में बिजली की मांग के अनुरूप बिजली के आवंटन में बढ़ोतरी का आग्रह किया। जिस पर केन्द्रीय मंत्री द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान छू रहा विकास की नई ऊंचाइयां

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में खासतौर से अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। पीएम कुसुम योजना तथा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में राज्य सरकार ने उल्लेखनीय प्रगति की है। केन्द्रीय मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम द्वारा दिसम्बर माह तक 355 करोड़ रूपये से अधिक का लाभ अर्जित करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पीक ऑवर्स में उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य में पंप स्टोरेज एवं बैटरी स्टोरेज की क्षमता को तेजी से विकसित किया जाए।

## पीएम सूर्य घर योजना से जुड़ें अधिक से अधिक उपभोक्ता

*मनोहर लाल ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में है। उन्होंने कहा कि इस योजना से प्रदूषण मुक्त एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध हो रही है। बैठक में केन्द्रीय मंत्री को जानकारी दी गई कि राज्य बजट 2025-26 में मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभान्वित परिवारों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ते हुए 150 यूनिट बिजली निःशुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। केन्द्रीय विद्युत मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के तहत कार्यों में गति लाते हुए अधिक से अधिक परिवारों को जोड़ा जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी विभागों सहित उपभोक्ताओं के आवास पर स्मार्ट प्री-पेड मीटर्स लगाने को प्राथमिकता दी जाए। इसमें केन्द्र सरकार द्वारा अंशदान भी दिया जाएगा।*

## मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र एक अच्छी पहल

नगरीय विकास विभाग की समीक्षा के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रत्येक नगर निकाय में सीवरेज अनिवार्य रूप से हो तथा आवश्यकतानुसार पुराने और जर्जर सीवरेज को बदलने तथा एलाइनमेंट ठीक करने के कार्य भी किए जाएं। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों की मदद तथा अनुपयोगी वस्तुओं के पुनः उपयोग के लिए शुरू किये गए मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र को अच्छी पहल बताते हुए इसकी सराहना की। बैठक में पीएम ई-बस सेवा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस योजना के तहत राजस्थान को 675 बसों का प्रारम्भिक आवंटन हुआ था। राज्य सरकार के अनुरोध पर अब इसके लिए केन्द्र द्वारा अतिरिक्त 125 बसें भी दी जाएगी जिससे शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक सेवा को मजबूती मिलेगी। इस दौरान जयपुर मेट्रो परियोजना, अमृत 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) सहित विभिन्न योजनाओं की राज्य में प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी सेना को कार्रवाई की खुली छूट



जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(**एजेंसी.**)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुखो के साथ बैठक की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि हमले के जिम्मेदार आतंकियों और उनके आकाओं को धरती के आखिरी कोने तक भी खोजकर सबसे सख्त सजा दी जाएगी। उनका इशारा पाकिस्तान की ओर था, क्योंकि पाकिस्तान का भारत में आतंकवाद फैलाने का इतिहास है। इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। यह बैठक उस दिन हुई, जब सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लिए गए कुछ फैसलों की जानकारी दी। पहलगाम हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई थी। इसमें विपक्षी दलों ने आतंकियों के खिलाफ सरकार किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन देने की बात कही। हमले के अगले दिन कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में बताया गया कि इस आतंकी हमले के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब जम्मू-कश्मीर में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं और राज्य धीरे-धीरे आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है। सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े फैसले लिए गए थे। इसमें सिंधु जल संधि को तत्काल स्थगित करना, अटारी चेक पोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा के तहत भारत में प्रवेश की अनुमति खत्म करना, पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सेना के सलाहकारों को एक हफ्ते के भीतर देश छोड़ने का आदेश जैसे फैसले शामिल रहें।

# पहलगाम हमले के बाद देशभर में अलर्ट

### दिल्ली में हाईलेवल बैठक, जम्मू-कश्मीर में ताबड़तोड़ छापेमारी

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली (एजेंसी.)**। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशभर में आक्रोश का महौल है। साथ ही सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी सिलसिले में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने की। इसमें बीएसएफ, एनएसजी और असम राइफल्स के प्रमुखों के साथ-साथ एसएसबी और सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी।

बैठक में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के प्रमुख ब्रिघु श्रीनिवासन, असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा और एसएसबी की अतिरिक्त महानिदेशक अनुपमा नीलेकर चंद्रा मौजूद रही। वहीं सोमवार को जम्मू और कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में 13 स्थानों पर छापे मारे, ताकि आतंकवादी ठिकानों का पर्दाफाश किया जा सके और आतंक गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही, श्रीनगर पुलिस ने शहर के कई स्थानों पर ओवर ग्राउंड वर्कर्स (हृत्नङ्खह्य) और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सहयोगियों के घरों पर व्यापक छापेमारी की। मामले में जारी पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार श्रीनगर पुलिस ने 63 व्यक्तियों के घरों की तलाशी ली।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो यह छापेमारी कानूनी प्रक्रिया



के तहत और जम्मू और कश्मीर पुलिस के अधिकारियों की निगरानी में की गई, ताकि हथियार, दस्तावेज़, डिजिटल उपकरण आदि जमा किए जा सकें और किसी भी संभावित आतंकवादी गतिविधि को रोकने के लिए सबूत जुटाए जा सकें। पहलगाम में मंगलवार 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं। तीन जुलाई से शुरू होने जा रही श्रीअमरनाथ यात्रा से पहले इस कायराना हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-ताइबा से जुड़े गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। फरवरी, 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है। उस हमले में सीआरपीएफ के 47 जवान मारे गए थे।

# शौर्य उद्यान पहुंचकर भावुक हुई उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। शौर्य उद्यान के हालातों को देखकर सूबे की डिप्टी सीएम दिया कुमारी भावुक हो गई। सैनिक स्कूल दोरासर के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद दिया कुमारी दोरासर में ही बने शौर्य उद्यान का विधायक राजेंद्र भांबू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इसके बाद डिप्टी सीएम दिया कुमारी शौर्य उद्यान को देखकर भावुक हो गई। दिया कुमारी ने कहा कि हमारे वीर सैनिक, शहीद, जिन्होंने ना केवल झुंझुनूं, बल्कि राजस्थान और भारत का मान पूरे विश्व में फैलाया है। उनके लिए हम एक संग्रहालय नहीं बना सके तो कोई फायदा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सैनिकों को श्रद्धांजलि देने और उनके जीवन से आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा लें। इसके लिए शौर्य उद्यान बनाने का फैसला लिया था। काफी काम हो भी चुका है। लेकिन पिछली सरकार ने पांच साल तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे ना तो काम पूरा हो पाया और जो काम हुआ, वह भी जर्जर हो चुका है इसलिए ही मैंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि इसका काम आधुनिक तरीके से करवाया जाए। नए सिरे से काम करना पड़ा तो वो भी करेंगे। पैसे की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। वह स्वयं इसके निर्माण में ध्यान देगी. ताकि एक अच्छा और ऐतिहासिक शौर्य उद्यान बने।

# आतंकवादी हमले के विरोध में संपूर्ण अलवर बंद रहा

**सभी शहरवासियों ने किया बन्द में सहयोग, बन्द में व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के नाम एएसपी मुख्यालय को सौंपा ज्ञापन**





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।।** अलवर जिला व्यापार महासंघ के आह्वान पर राष्ट्र हित ओर आतंकवादियों के विरोध में एक जुटता दिखाने के लिए अलवर शहर के सभी व्यापारियों ने स्वैच्छिक रूप से अपनी-अपनी दुकान एवं प्रतिष्ठानों को बंद रखकर अपनी एक जुटता दिखाई, जिससे मंगलवार को संपूर्ण अलवर शांतिपूर्ण बंद रहा। ज्ञात रहे कि 22 अप्रैल को पहलगांव में आतंकवादीयो द्वारा पर्यटकों पर हुए हमले एवं धर्म पूछ कर बर्बर तरीके से उनकी निर्मम हत्या कर दी गई, जिससे किसी बहन का भाई चला गया, किसी मां का लाल चला गया और किसी का सुहाग उजड़ गया। घटना के पश्चात पूरे भारतवर्ष में आक्रोश है। जिला महामंत्री मुकेश विजय ने बताया की सुबह लगने वाले समोसे, कचोरी ठेली, रेहडी व पटरी वालों ने भी राष्ट्रहित के इस मुद्दे पर स्वैच्छिक बंद करने का निर्णय लिया था उन्होंने भी मंगलवार को बंद में अपना सहयोग किया। वहीं आवश्यक सेवाएं अस्पताल, मेडिकल स्टोर बंद से मुक्त रहे। महामंत्री ने बताया कि सभी व्यापारी सुबह 8 बजे होप सर्कस पर एकत्र हुए ओर महासंघ के जिलाध्यक्ष रमेश जुनेजा और जिला महामंत्री मुकेश विजय के नेतृत्व में महेश खंडेलवाल, अखिलेश गर्ग, राजकुमार जैन संदीप मोदी, अनिल खंडेलवाल वीरेंद्र भगवती बिहारी पाराशर, कृष्ण कुमार कुकरेजा, रिंकू अरोड़ा, रवि जुनेजा, महेश सेठी, मनोज विजय, मुकेश गुप्ता, अतुल शर्मा, प्रदीप खंडेलवाल, नरेश गोयल, महेश गुप्ता, हितेश ठाकुर, अशोक गुप्ता, अशोक तनेजा, दिनेश खंडेलवाल, आकाश मिश्रा, गोपेश अग्रवाल, राजीव शर्मा, गोलू सिंह, गौरव खंडेलवाल, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, अरविंद खंडेलवाल (भोलू) महेश गुप्ता, राजेश बंसल, प्रदीप खंडेलवाल, सुनील खंडेलवाल, अमरदीप गुप्ता, संजय गुप्ता, गजेंद्र शर्मा ने शहर के अलग-अलग क्षेत्र में जाकर अलवर बंद की मॉनिटरिंग की। महासंघ के जिला अध्यक्ष रमेश जुनेजा ने बताया कि व्यापारियों के द्वारा इस राष्ट्रहित और संवेदनशील घटना के पश्चात सभी व्यापारियों व दुकान संचालकों ने स्वैच्छिक रूप से बंद रखा। इसके पश्चात महासंघ के द्वारा होपसर्कस पर ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ तेजपाल सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि इस घटना के बाद पूरा भारत देश आक्रोशित है, और प्रधानमंत्री की तरफ प्रत्येक नागरिक बड़ी आशा की निगाह से देख रहा है, इसलिए व्यापार महासंघ आपसे मांग करता है कि आतंकवादियों द्वारा चलाए जा रहे कैंपो को नेस्नातनाबूद किया जाए और कठोर निर्णय लेकर इन आतंकवादियों एवं इस बार आर पार की बात करते हुए इनको बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान पर ठोस कार्रवाई करने का कष्ट करें। जिससे उनके द्वारा भारत में फैलाई जा रहे अराजकता एवं आतंकवाद का

## जिलेभर में मनरेगा साइट का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** जिला कलक्टर किशोर कुमार के निर्देशानुसार जिले भर में मनरेगा साइट पर किए जा रहे कार्य एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु उपखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहे ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों से भी प्रतिदिन के टास्क, कार्य का समय तथा औसत मजदूरी एवं गत पखवाड़ों के भुगतान प्राप्ति के बारे मे जानकारी प्राप्त की तथा कार्यस्थल पर छाया, पानी की उपलब्धता जांची। उन्होंने मेट से उसके कार्यों की जानकारी कर अभियंता द्वारा पिछली बार किए गए निरीक्षण, पालना के बारे में भी जाना। उन्होंने मनरेगा साइट पर कार्मिकों की उपस्थिति चेक कर सभी को दिए गए कार्यों को पूरा कर पूरी मजदूरी लेने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों द्वारा संधारित रजिस्टर की जांच कर समय से लोगों को रोजगार देने के निर्देश दिए तथा किसी भी लाभार्थी को वंचित न रखने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान किशनगढ़ बास, कोटकासिम, तिजारा के कार्यों का निरीक्षण किया गया।

## माता वैष्णो देवी मंदिर (गुफा वाला) का भण्डारा आज



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।।** मालाखेड़ा बाजार स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर (गुफा वाला) अलवर की स्थापना दिवस के उपक्ष्य में अक्षय तृतीया पर 30 अप्रैल बुधवार को 59 वां विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। मंदिर के पंडित नरेश पाराशर ने बताया कि भण्डारा आयोजन कार्यक्रम के तहत मंदिर प्रांगण में माता की बैंड बाजे के साथ आरती की जाएगी, इसके उपरांत कन्या पूजन, पंडित पूजन होगा। इसके बाद भंडारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुरुषार्थी समिति जिला अध्यक्ष कुलदीप कालरा होंगे। उनका कहना है कि मंदिर में प्रसादी श्रद्धालुओं के द्वारा ही बनाया जा रहा है।

## होममेड अगरबत्ती मेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा लीली मालाखेडा में चल रहे होममेड अगरबत्ती मेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह से जुडी हुई 32 महिलाओ ने भाग लिया संकाय सदस्य जयप्रकाश सिंघल ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने व रोजगार से जोड़ने के लिए विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संकाय सदस्य रेणु जैन ने बताया कि अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए हमारी संस्था विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती है। सभी प्रशिक्षुओं का मूल्यांकन नैसर की और से शशि यादव और योगेन्द्र कुमार गौतम ने किया। समापन अवसर पर सभी महिलाओ को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान समस्त आरसेटी स्टाफ मौजूद रहा।

## निर्धन कन्याओं का सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।।** सतीश भाटिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आज 30 अप्रैल 2025 आखातीज को चतुर्थ सर्वजातीय सामूहिक विवाह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें निर्धन परिवार के 9 वर-वधु का विवाह करवाया जाएगा। 09 वरो की निकासी पुरुषार्थी धर्मशाला अशोका टॉकीज से प्रातः 10 बजे 9 घोड़ियों पे निकासी डी. जे. ढोल, बैंड बाजों सहित रवाना होगी ओर बारात पूरे बाजारों में से होती हुई 12:15 बजे गौशाला स्टेशन रोड अलवर पर पहुंचेगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय शर्मा (वन एवं पर्यावरण मंत्री राजस्थान सरकार), अध्यक्षता अशोक गुप्ता (जिला अध्यक्ष भा.ज.पा.), विशिष्ट अतिथि घनश्याम गुर्जर (पूर्व महापौर अलवर), विशिष्ट अतिथि प्रमोद विजय (उपाध्यक्ष भा.ज.पा.) होंगे। मुख्य अतिथि व ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं कन्या पक्ष के परिवारजन बारात का स्वागत क्रमशः करेंगे। स्वागत के पश्चात तोरण रिती सम्पन्न करवाई जाएगी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि के सामने वर-वधु के वरमाला का कार्यक्रम होगा। वरमाला के पश्चात हिंदू रीति रिवाज से फेरे करवाए जाएंगे 9 जोड़ो के लिए अलग अलग ब्राह्मण होगे और एक मुख्य ब्राह्मण होगा। इसके पश्चात प्रत्येक परिवार के 50-50 लोगों या उससे अधिक लोगों को भोजन करवाया जाएगा और कन्याओ को घरेलू जरूरत का सामान उपहार स्वरूप दिया जाएगा। सार्वजनिक गौशाला में विवाह की समस्त व्यवस्था हो चुकी है। जिसका समस्त खर्चा ट्रस्ट द्वारा वहन किया जा रहा है। बारात का स्वागत अजय अग्रवाल, चरणजीत सुनेजा, ओमप्रकाश कुकरेजा, प्रेम गांधी, राजेंद्र आहूजा, जोगेंद्र सिंह कोचर, ग़िज्ज़ा, के.एल. अरोड़ा, गिर्राज बाली, बलदेव मल्होत्रा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति करेंगे। यह जानकारी सतीश भाटिया (मुख्य ट्रस्टी) सतीश भाटिया चेरीटेबल ट्रस्ट ने दी।

## नो मोबाइल डे अभियान के तहत सप्ताह में एक दिन समिति के सदस्य नहीं करते मोबाइल का उपयोग



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।।** फ्रंटियर विकास समिति एवं वी फॉर यू संस्थान ने फ्रंटियर पार्क में नो मोबाइल डे अभियान चलाया। अभियान में बताया गया कि आजकल मनुष्य का जीवन लगभग मोबाइल के ऊपर इतना निर्भर हो चुका है कि मोबाइल कही न कही हर घर - परिवार में एक सदस्य की तरह प्रतिदिन की दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। जिसके कारण आज छोटे- छोटे मासूम बच्चों का शारीरिक व मानसिक रूप से विकास नहीं हो पा रहा है एवं लगातार घंटों मोबाइल का उपयोग करने के कारण कम उम्र में ही बच्चे शारिरिक एवं मानसिक बीमारियों की ग्रस्त में आते जा रहें हैं। एक समय था जब बच्चो की दिनचर्या में क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, खो - खो, दौड़, कबड्डी आदि जैसे खेल शामिल थे। जिसके माध्यम से बच्चे शारीरिक एवम् मानसिक रूप से मजबूत रहा करते थे। लेकिन आज की युवा पीढ़ी मोबाइलों में खतरनाक गेम खेलती हैं जिसके कारण लगातार आपराधिक प्रवृतियों में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। मौजूद लोगों को बताया कि फ्रंटियर विकास समिति एवं वी फॉर यू संस्थान के सदस्य सप्ताह में एक दिन मोबाइल का उपयोग नहीं करते एवं रोजाना शाम 7 बजे बाद परिवार के सभी लोग मोबाइलों को एक जगह रख देते हैं, और बच्चों एवं परिवार के साथ बैठकर खाना खाते हैं और बातें करते हैं इसी प्रकार उपस्थित परिवारजनो से भी निवेदन किया की कम से कम सप्ताह में एक दिन मोबाइल का उपयोग न करें, ओर बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय व्यतीत करें, साथ बैठकर खाना खाए , बच्चों के साथ खेले, शारीरिक व्यायाम करें जिससे बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास तो होगा ही साथ में माता- पिता से बच्चों का लगाव भी बढ़ेगा। इस अभियान के तहत फ्रंटियर विकास समिति एवं वी फॉर यू संस्थान के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष चेतन सिंह, जिला समन्वयक महेंद्र सिंह, समिति के जगदीश सैनी, बंटू सिंह, प्रेमचंद सैनी आदि

## बालकों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच नहीं होने की मिली शिकायत तो दिए दिशा-निर्देश

**सचिव सोनी ने किया पंडित छीतरमल लाटा सोसायटी विमंदित पुनर्वास गृह का निरीक्षण**



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अलवर के निर्देशानुसार मोहन लाल सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अलवर के द्वारा मंगलवार को पंडित छीतरमल लाटा सोसायटी विमंदित पुनर्वास गृह, 60 फीट रोड अलवर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर रिकॉर्ड अनुसार कुल 35 बच्चों में से 03 बच्चों का अपने घर जाना बताया गया। सोनी द्वारा रिकॉर्ड का अवलोकन किए जाने पर 15 अप्रेल को डॉक्टर द्वारा मानसिक विमंदित बच्चों की स्वास्थ्य जांच किया जाना पाया गया। मौके पर उपस्थित कॉर्डिनेटर विक्रम गुर्जर द्वारा अवगत करवाया गया कि नए बालकों के गृह में प्रवेश से पहले मानसिक स्वास्थ्य जांच नहीं करवाई जाती है, जिस कारण यह पता नहीं चल पाता है कि नए प्रवेशित बालक गृह में रखने योग्य है या नहीं, इस संबंध में सोनी द्वारा मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।
इसके साथ ही कॉर्डिनेटर द्वारा बताया गया कि वर्तमान में गृह में निवासरत कुछ बालकों के आधार कार्ड के अभाव में मानसिक स्वास्थ्य जांच नहीं हो पा रही है, जिस हेतु सोनी द्वारा मौके पर ही आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त कॉर्डिनेटर द्वारा गृह में किसी तरह की अन्य कोई समस्या नहीं बताई गई। गृह में साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया, जिसमें सभी व्यवस्थाऐं सामान्य पाई गई तथा विमंदित पुनर्वास गृह में निवासरत विमंदित बालकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया। इसके साथ ही सोनी द्वारा गृह में निवासरत बालकों के मध्य मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया जाकर उपस्थित बालकों को मानसिक स्वास्थ्य के विषय में आवष्यक जानकारी प्रदान करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व एवं समस्याओं के विषय में जागरूक किया गया।

## भगवान परशुराम जयन्ती पर आयोजित हुई भव्य शोभायात्रा

**वन मंत्री संजय शर्मा ने ध्वज लहराकर कर शोभायात्रा को रवाना कर शिरकत की**





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने भगवान परशुराम जयन्ती के अवसर पर ब्राह्मण समाज अलवर द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा को दिल्ली दरवाजा बाहर परशुराम भवन से ध्वज लहराकर रवाना किया। वन मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि भगवान परशुराम अन्य का विरोध कर पीडितों की सहायता करने वाले है। उनके जीवन संदेश को आत्मसाध कर समाज में समता की भाव उत्पन्न किया जा सकता है। मंत्री शर्मा ने शोभायात्रा में भगवान परशुराम के वाहन के सारथी बनकर शिरकत की। इस दौरान बडी संख्या में विप्र बन्धु शामिल हुए। शोभायात्रा का शहर में विभिन्न समाजों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा दिल्ली दरवाजा भवन से प्रारम्भ होकर ब्राह्मण छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई। इस दौरान विशम्भर वशिष्ठ, योगेश मिश्रा, झम्मन लाल शर्मा, आकाश मिश्रा, ऋषिराज शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, विवेक प्रधान, जितेन्द्र खेडापति, मधुसुदन शर्मा सहित बडी संख्या में विप्र बन्धु शोभायात्रा में शामिल हुए।

## विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर होंगे अनेक कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 जारी की गई हैं। इसका उद्देश्य असंगठित कामगारों को विधिक सेवाएं उपलब्ध करवाना, सरकार और प्रशासन के माध्यम से कामगारों का वर्ग अनुसार चिन्हिकरण कर उपलब्ध योजनओं के लिए पंजिकरण करवाकर योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाना हैं। इसी क्रम में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा 01 मई 2025 को विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर एक सप्ताह (01 मई से 07 मई 2025) तक असंगठित कामगारों के हित में विषेश कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के सचिव, मोहन लाल सोनी द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान के तहत अलवर न्याय क्षेत्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा समिति के स्तर पर श्रम विभाग के सहयोग से विषेश जागरूकता अभियान का आयोजन कर श्रमिकों का पंजीकरण ई-श्रम पॉर्टल, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए कराया जायेगा। साथ ही उक्त अभियान के तहत आद्योगिक क्षेत्रों, निर्णाम स्थलों, कृषि मंडियों व बस्तियों में विधिक सहायता वैन, कठपूतलि कार्यक्रम, गीत व पोस्टर आदि के माध्यम से विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाकर श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी, काम की अवधि, कामगार मुआवजा, सामाजिक सुरक्षा योजना व श्रम कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। सोनी द्वारा बताया गया कि कोई भी श्रमिक जिसे विधिक सलाह/सहायता की आवश्यकता है व राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100/9928900900 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के हेल्पलाईन नंबर 8306002102 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# विदेशी धरती पर राजस्थान का नेतृत्व कर रहीं बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी

जयपुर टाइम्स

**बाड़मेर(निसं.)** की विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी इन दिनों कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन और कॉमनवेल्थ वीमेन पार्लियामेंटेरियन्स नेटवर्क द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लेने के लिए बहामास की राजधानी नासाउ पहुंची हैं। यह अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 28 अप्रैल से 3 मई तक "पार्लियामेंटेरियन्स ऐज़ ड्राइवर्स ऑफ वीमेन इकोनॉमिक एम्पावरमेंट" विषय पर आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और आर्थिक समानता को बढ़ावा देना है। इसमें दुनिया भर से आए प्रतिभागियों को विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श, समूह अभ्यास और नेटवर्किंग के अवसर मिल रहे हैं। डॉ. चौधरी ने इस मंच को राजस्थान, विशेषकर बाड़मेर के लिए गर्व का क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि यह अवसर न केवल अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने का है, बल्कि इससे महिला नेतृत्व को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यशाला के अनुभवों का उपयोग वे अपने क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए करेंगी। कार्यक्रम में भाग लेकर वे राजस्थान की सामाजिक-आर्थिक दिशा को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत कर रही हैं। सीपीए मुख्यालय ने बहामास की संसद के सहयोग की सराहना करते हुए इस आयोजन को वैश्विक विचार-विमर्श और साझेदारी का महत्त्वपूर्ण मंच बताया है।

# राजस्थान में तेज गर्मी के बाद अब आंधी-बारिश का अलर्ट, 80% हिस्सों में मौसम बदलेगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच राहत की उम्मीद जगी है। मौसम विभाग ने राज्य के 80% हिस्सों के लिए आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। 1 मई से पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के दो प्रभावी सिस्टम सक्रिय होंगे, जिनके चलते मौसम में बड़ा बदलाव आने की संभावना है। 30 अप्रैल को दो जिलों में गर्मी के लिए ऑरेंज अलर्ट और दो जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 1 मई को 16 जिलों में बारिश के लिए येलो अलर्ट, 2 मई को 6 जिलों में ऑरेंज और 13 जिलों में येलो अलर्ट तथा 3 मई को 8 जिलों में ऑरेंज और 17 जिलों में येलो अलर्ट रहेगा। इन विक्षोभों के चलते 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है और कई स्थानों पर बारिश के साथ ओले गिरने की भी आशंका जताई गई है। इससे तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है, जिससे लोगों को हीटवेव से राहत मिलेगी। इससे पहले मंगलवार को प्रदेश के कई शहरों में पारा 42 डिग्री से ऊपर रहा। सबसे अधिक तापमान जैसलमेर में 46.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बाड़मेर में 45.7, फलोदी में 45.8, बीकानेर और गंगानगर में 44.2, जोधपुर में 44.0, चूरू में 43.3 और कोटा में 43.1 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। राज्य में फिलहाल गर्मी का असर बना हुआ है, लेकिन 1 मई से मौसम में बदलाव की संभावना है, जिससे राहत की उम्मीद की जा रही है।

# नीट परीक्षा से 5 दिन पहले कोटा में छात्र का सुसाइड

जयपुर टाइम्स

**कोटा** एक और नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने आत्महत्या कर ली। यह घटना सोमवार रात करीब 9.30 बजे जवाहर नगर थाना क्षेत्र के तलवंडी इलाके में हुई। 16 वर्षीय छात्र तमीम इकबाल बिहार के कटिहार जिले का रहने वाला था और 20 दिन पहले ही कोटा पढ़ाई के लिए आया था। तमीम तलवंडी क्षेत्र के एक पीजी में रह रहा था। सोमवार रात जब वह कमरे का दरवाजा नहीं खोल रहा था, तो साथ में रह रहे दूसरे छात्र ने मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक ने पुलिस को बुलाया। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो तमीम पंखे से लटका मिला। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ, जिससे कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों के अनुसार तमीम तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसके चाचा आसिफ ने बताया कि वह 11वीं कक्षा का छात्र था और मेडिकल की तैयारी के लिए कोटा आया था। 27 अप्रैल की रात उसकी अपने ममेरे भाई रविज राजा से बात हुई थी। उसने कहा था कि वह पढ़ाई कर रहा है, बाद में बात करेगा। अगली सुबह परिजनों को उसके सुसाइड की सूचना मिली। तमीम के पिता अस्पताल में नौकरी करते हैं। बेटे की मौत की खबर सुनकर उन्होंने अपील की कि शव को बिना पोस्टमार्टम के घर भेजा जाए, अन्यथा वे खुद को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अप्रैल के महीने में यह कोटा में छात्रों द्वारा किया गया चौथा सुसाइड है। इससे पहले दिल्ली का एक छात्र कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मृत मिला था। 2025 में अब तक कोटा में 13 स्टूडेंट आत्महत्या कर चुके हैं, जो पिछले साल के पूरे आंकड़े के बराबर है।

# श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन जारी

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली** कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित श्रीराम मंदिर में आयोजित की जा रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक महाराज सुदामा दास वृंदावन वाले ने अपनी मधुर वाणी से भक्तों को खूब रिझाया। सीताराम दास महाराज व रामबच्चन दास महाराज ने बताया कि कथा आगामी 03 मई तक प्रतिदिन दोपहर 02 से शाम 06 बजे तक आयोजित की जायेगी। वहीं 04 मई को विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। इस दौरान मंदिर अध्यक्ष रामविलास सिंघल, रोहिताश सैनी, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, सतीश यादव, पूर्व सरपंच शिंभूदयाल गर्ग, हीरालाल मिस्त्री, सुरेंद्र सैनी, सुरेश सैनी, नंदलाल शर्मा, विजय आनंद भारद्वाज, अरुण गर्ग, दौलत सैन, वेदप्रकाश सैन, ललित महात्मा, जगदीश यादव, सुरेश मेहरा, हंसराज योगी समेत अन्य मौजूद रहे।

जयपुर टाइम्स

हमारे यहाँ दैनिक साप्ताहिक पाक्षिक एवं मासिक समाचार पत्रो की प्रिंटिंग की जाती है।



7014217770

सी-588, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड़, जयपुर-13

# राज्य सरकार जलवायु विकास एवं नेतृत्व के लिए प्रतिबद्धः कृषि मंत्री

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में राजस्थान में जलवायु विकास एवं नेतृत्व विषय पर अहम बैठक हुई। मंत्री ने कहा कि राज्य की जलवायु मुख्यतः शुष्क से उप-आद्र मानसूनी है, जिससे पश्चिमी भाग अत्यधिक मरुस्थलीय है जबकि पूर्वी भाग में अपेक्षाकृत अधिक वर्षा होती है। उन्होंने बताया कि जलवायु में अनियमितता, अत्यधिक गर्मी और वर्षा के स्वरूप में बदलाव जैसे प्रभाव बढ़ते जा रहे हैं, जो राज्य के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। राज्य सरकार ने जलवायु परिवर्तन नीति बनाई है, जिसका उद्देश्य इसके प्रभावों को कम करना और अनुकूलन उपायों को लागू करना है। डॉ. मीणा ने बताया कि राजस्थान को देश के चार सबसे अधिक जलवायु-संवेदनशील राज्यों में गिना गया है। इसलिए राज्य कार्य योजना के अंतर्गत अनुकूलन व न्यूनीकरण उपायों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में विकास एवं नेतृत्व के लिए प्रतिबद्ध है। पर्यावरण नीति के तहत मानव स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, सौर ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता जैसे रणनीतिक क्षेत्रों पर कार्य हो रहा है। राजस्थान की जलवायु नीति राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है और इसके अंतर्गत चरणबद्ध व समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है ताकि राज्य का विकास पर्यावरण के अनुकूल हो सके।

# जयपुर में नशे में धुत युवती ने मचाया कहरः तेज रफ्तार कार की टक्कर से नाबालिग की मौत, बहन और पिता घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सांगानेरी गेट इलाके में सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। रात करीब 12.20 बजे नशे में धुत एक युवती ने तेज रफ्तार कार से बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें 14 वर्षीय नाबालिग असिमा की मौत हो गई, जबकि उसके पिता इस्लामुद्दीन और 6 वर्षीय ममेरी बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का स्स्स हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी युवती कार को रॉन्ग साइड भगाने लगी और रास्ते में एक स्कूटी सवार को भी टक्कर मारी, जो मामूली घायल हुआ। आगे चलकर एक पुलिस कॉन्स्टेबल को भी कुचलने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिसकर्मी ने समय रहते छलांग लगाकर जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शी शाकिर कुरैशी के मुताबिक, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग उछलकर सड़क पर गिर गए। असिमा सिर के बल गिरी और मौके पर ही खून से लथपथ हो गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने पीछा कर कार को रोका और चालक युवती को पकड़ लिया। कार में पीछे बैठे दो युवक फरार हो गए, जबकि आरोपी युवती और एक अन्य महिला को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। लालकोठी थाने के अनुसार, कार चला रही युवती की पहचान सृष्टि के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नागपुर की रहने वाली है और वर्तमान में जयपुर के जगतपुरा में रहती है। वह पेशे से आर्किटेक्ट है। मेडिकल जांच में सृष्टि के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सृष्टि किसी पार्टी से लौट रही थी और तेज रफ्तार में कार चला रही थी। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग लालकोठी थाने पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। विधायक रफीक खान और पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। मृतक असिमा के पिता इस्लामुद्दीन एक कूरियर कंपनी में डिलीवरी बॉय हैं और परिवार सहित आजाद नगर (जवाहर नगर) में रहते हैं। परिवार एक शादी समारोह से लौट रहा था, तभी यह हादसा हुआ। फिलहाल पुलिस ने सृष्टि को गिरफ्तार कर लिया है और एक्सीडेंट थाना ईस्ट मामले की जांच कर रही है।

# प्राण प्रतिष्ठा के तहत धार्मिक आयोजन जारी

जयपुर टाइम्स




**राजलदेसर(निस)।** शहर के निकटवर्ती राजाणा जोहड़ा में खेतानाथ महाराज की तपोभूमि सिद्धों की बाड़ी में नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शुरू हुए धार्मिक आयोजन के तहत दूसरे दिन यज्ञाचार्य पंडित देवकीनन्दन माटोलिया सहित पंडितों पधारे मण्डा समाज के लोगों से सपत्नीक यज्ञ करवाकर आहुतिया दिलाई गई। भागवत कथा के चौथे दिन व्यासपीठ पर विराजमान यज्ञ सम्राट परम श्रद्धेय हंसजी महाराज ने सुन्दर व्याख्यान किया। अखिल भारतीय महासभा सिद्ध समाज के अध्यक्ष नत्थुनाथ भण्डार ने बताया कि खेतानाथ मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान 25 अप्रेल से कथा के लिए कलश यात्रा निकाली जो मन्दिर परिसर पहुंची। 28 अप्रेल से पांच कुण्डिय रूद्र महायज्ञ प्रारम्भ हुआ। आखातीज के दिन परम हंस सन्त सोमनाथ महाराज के सानिध्य में मंदिर की शिखर लगेगी। 3 मई को कथा का समापन और रात्री में अग्नी नृत्य व जसनाथ जी का जम्मा होगा। 4 भी को सुबह 8.15 से प्रसाद वितरित पधारे संतों को विदाई दी जाएगी। मंदिर महंत नन्दानाथ ने बताया कि ये खेतानाथ जी महाराज की तपोभूमि है। यहां खेतानाथ जी के चार पिंढियो ने जीवित समाधि ली थी। जिसका अब सिद्ध समाज के मण्डा गोत्र के लोगों की ओर से करीब डेढ़ करोड़ की लागत से मंदिर निर्माण करवाया है। जिसमें खेतानाथ महाराज, गोरखनाथ महाराज, सती दादी, जसनाथ महाराज की मूर्ति स्थापित होगी।

# आतंकवाद के विरूद्ध देशवासी एकजुट, कड़ी कार्यवाही करें केन्द्र सरकार- राव

**एआईसीसी सचिव व पीसीसी सह प्रभारी चिरंजीव राव का कोटपूतली में स्वागत**

**प्रैस से बातचीत में कहा- सरकार को बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं पर भी ध्यान देना चाहिये**



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** राजधानी जयपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित संविधान बचाओ रैली में भाग लेने आये एआईसीसी सचिव व राजस्थान कांग्रेस के सह प्रभारी चिरंजीव राव का सोमवार देर शाम नई दिल्ली वापस लौटते वक्त युवा कांग्रेस नेता राकेश रावत के नेतृत्व में यहाँ के एक निजी होटल पर स्वागत किया गया। इस मौके पर रावत ने उनका सुत की माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान प्रैस से बातचीत करते हुये राव ने कहा कि जम्मु कश्मीर के पहलगाम में हुये निर्मम आतंकी हमलों में मारे गये निर्दोष भारतीयों की हत्या ने प्रत्येक देशवासी को झकझोर कर रख दिया है। इस घृणित घटना के विरूद्ध देश का प्रत्येक नागरिक एकजुट है एवं केन्द्र सरकार के साथ खड़ा है। अब यह आवश्यक हो गया है कि भारत सरकार आतंक, आतंकवादियों व इसका पोषण करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। इन्हें ऐसे अन्जाम तक पहुँचाया जायें कि आने वाली पीढियां भी याद रखें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2014 में केन्द्र में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से ही पिछले 10 वर्षो में देश भर में व्याप्त महंगाई व बेरोजगारी चरम पर पहुँच चुकी है। किसान आत्महत्या पर मजबुर एवं युवा दर-दर की ठोकरे खा रहा है। सरकार को इन मूलभुत बिन्दुओं पर भी ध्यान देना चाहिये। इस दौरान कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रदेश प्रभारी भरत तोंगड़ का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर सरपंच विक्रम छावड़ी समेत अन्य मौजूद रहे।

# करन्ट लगने से दो मवेशियों की मृत्यु, बड़ा हादसा टला

**क्षेत्र के ग्राम दादुका का मामला**

**विधुत विभाग के एईएन समेत अन्य कर्मचारियों के विरूद्ध लापरवाही का मामला दर्ज**



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** क्षेत्र के ग्राम दादुका में विधुत विभाग की लापरवाही से करन्ट लगने के कारण दो मवेशियों की मृत्यु हो जाने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में पीड़ित ग्राम दादुका निवासी महेन्द्र कुमार पुत्र रामकुमार गुर्जर ने स्थानीय पुलिस थाने में दर्ज करवाया कि परिवादी की बोरिंग पर थ्री फेश डी.पी. लगी हुई है। जिसकी लाईन में काफी समय से विधुत तारों की स्पार्किंग से तार काफी कमजोर हो गये थे। जिसकी लिखित व मौखिक शिकायत विभागीय अधिकारियों को विगत कई माह से लगातार की जा रही थी। जिसकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। विगत 27 अप्रैल को प्रात करीब 09 बजे डी.पी. में स्पार्किंग होने पर गोरधनपुरा चौकी पॉवर हाऊस के नम्बर पर कई बार फोन कर सूचना देनी चाही, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। यही नहीं विभागीय एईएन संजीव जाखड़ को भी फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया, इसी दौरान डी.पी. में आग लग गई एवं तारबंदी में भी करन्ट आ गया। जिसकी सूचना लाईन मैन को देने पर पॉवर हाऊस में कार्यरत कर्मचारी बलराम चौधरी ने लाईन कटवाई लेकिन तुरन्त बिना लाईनमैन को पुछे विधुत लाईन चालू कर दी। जिससे करन्ट आने पर परिवादी के चचेरे भाई सत्यवीर व योगेश की दो भैंसे जो तारबंदी के पास पेड़ के नीचे बंधी हुई थी उनकी करन्ट लगने से मृत्यु हो गई। गनीमत यह रही कि वहां काम कर रही औरतें व खेल रहे बच्चों ने भागकर अपनी जान बचाई, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने मौका मुआयना भी किया। मामले में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों सहित सम्बंधित एईएन, जेईएन व कर्मचारी बलराम चौधरी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है।

# राजस्थान शिक्षा विभाग की वेबसाइट पाकिस्तानी हैकर्स ने हैक कीः लिखा - अगला हमला गोलियों से नहीं, टेक्नोलॉजी से होगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** मंगलवार को साइबर हमले की बड़ी वारदात सामने आई, जब पाकिस्तानी हैकर्स ने राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग की वेबसाइट को हैक कर लिया। वेबसाइट के होम पेज पर "पाकिस्तान साइबर फोर्स" और "अगला हमला गोलियों से नहीं, टेक्नोलॉजी से होगा" जैसे भड़काऊ संदेश पोस्ट किए गए। शिक्षा विभाग ने तत्काल वेबसाइट रिकवर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह हमला उस समय हुआ है जब भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पहले से ही तनाव का माहौल है। हैकर्स ने वेबसाइट पर विवादित और आपत्तिजनक कंटेंट पोस्ट किया, जिससे सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। सूत्रों के मुताबिक, इससे पहले सोमवार रात को भी पाकिस्तानी हैकर्स ने जयपुर विकास प्राधिकरण और नगरीय विकास विभाग की वेबसाइट्स को निशाना बनाया था। इन पर भी पाकिस्तान के समर्थन में सामग्री पोस्ट की गई थी, हालांकि दोनों पोर्टल्स को कुछ ही समय में रिकवर कर लिया गया था। शिक्षा विभाग की वेबसाइट सर्च करने पर "फैंटास्टिक टी क्लब" और "पाकिस्तान साइबर फोर्स" जैसे टैग दिखाई देने लगे थे। इसी दिन पाकिस्तानी हैकर्स ने आर्मी पब्लिक स्कूल, रानीखेत और श्रीनगर की वेबसाइट्स को भी हैक करने की कोशिश की। 'ह्नह्न्य हैकर' नाम से प्रयास किया गया, लेकिन सेना की साइबर सुरक्षा टीम ने हमले को विफल कर दिया। इसके साथ ही वायुसेना के प्लेसमेंट पोर्टल और आर्मी वेलफेयर हाउसिंग ऑर्गेनाइजेशन (ड्ड॥ह) की साइट्स को भी निशाना बनाया गया, जिन्हें समय रहते सुरक्षित कर लिया गया। भारत सरकार ने इस घटनाक्रम के बाद साइबर सुरक्षा पर सख्ती बढ़ा दी है। गृह मंत्रालय की सिफारिश पर सरकार ने 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाया है। इनमें डॉन न्यूज, ‹रङ्ग, जियो और समा टीवी जैसे बड़े चैनल शामिल हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के ङ्ग (पूर्व ट्विटर) अकाउंट को भी भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। उन्होंने हाल ही में एक वीडियो में स्वीकार किया था कि पाकिस्तान लंबे समय से आतंकी संगठनों को समर्थन देता रहा है।

# अवैध शराब बेचान के मामले में दो माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली** निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचान के एक प्रकरण में दो माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ बाबूलाल मीणा ने जानकारी देते हुये बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुरा निवासी सुशील (33) पुत्र प्रहलाद मीणा को उसके घर से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपी एक खंडरनुमा मकान में रखकर अवैध शराब का बेचान कर रहा था। उक्त प्रकरण में वह विगत दो माह से वांछित था। साथ ही सरूण्ड थाने के टॉप 10 अपराधियों की सूची में भी सम्मिलित था।
फोटो-केटीपी सी- पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## अपील की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना

(आदेश 41 के नियम 14)
नाम न्यायालय श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, स्थान सुजानगढ़

**राजकुमार विरूद्ध सरपंच ग्राम पंचायत बड़ाबर आदि**
अपील राजस्व
राजस्व अपील नं. 02/2024

श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, सुजानगढ़ के न्यायालय की तारीख 05–08–2020 को अपीलान्ट राजकुमार की अपील

1. सरपंच, ग्राम पंचायत बड़ाबर, तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू (राजस्थान)
2. तहसीलदार, तहसील कार्यालय, सुजानगढ़, तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू (राजस्थान)
3. छोटूराम पुत्र भंवरलाल, 4. पन्नाराम पुत्र भंवरलाल, 5. पप्पू पुत्र भंवरलाल, 6. बिन्दु पुत्री भंवरलाल, 7. बिमला पुत्री भंवरलाल, 8. राजूड़ी पुत्री चूनाराम, 9. सोनू पुत्र भंवरलाल, समस्त जाति नायक निवासीगण ग्राम बड़ाबर, तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू राजस्थान

..................रेस्पोडेन्ट्स

10. रतनाराम पुत्र चूनाराम, 11. रूपाराम पुत्र चूनाराम, 12. लक्ष्मणराम पुत्र चूनाराम, 13. लालचन्द पुत्र चूनाराम, 14. श्रवणराम पुत्र चूनाराम, 15. संजूदेवी पत्नी चूनाराम, 16. सुशीला पुत्री चूनाराम, समस्त जाति नायक निवासीगण ग्राम बड़ाबर, तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू राजस्थान

................गौण रेस्पोडेन्ट्स

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में ग्राम पंचायत बड़ाबर दिनांक 19–03–2020 की डिक्री की अपील अपीलान्ट राजकुमार द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा ता. 14 माह 05 सन् 2025 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिए कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा, तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चत की जावेगी।

यह आज तारीख 28 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
आज्ञा से
रीडर
उपखण्ड अधिकारी
सुजानगढ़ (चूरू)

# वन्य जीवों और पेड़ों के लिए अपनी जान पर खेलता बिश्नोई समाज

भारत में जब पर्यावरण संरक्षण की बात होती है, तो राजस्थान के बिश्नोई समाज का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। सदियों से यह समाज पेड़-पौधों और वन्य जीवों के संरक्षण में अपनी जान तक न्यौछावर करता आया है। बिश्नोई समाज न केवल प्रकृति का रक्षक है, बल्कि वह उसे ईश्वर के रूप में पूजता भी है। राजस्थान के रेतीले धोरों में फैले इस समाज की जीवटता और प्रकृति प्रेम की मिसालें आज भी दिल को छू जाती हैं।

### हिरण के बच्चों की ममता भरी देखभाल

बिश्नोई समाज की महिलाओं का हिरणों के प्रति प्रेम किसी भी मानवीय रिश्ते से कम नहीं है। यहां की महिलाएं अनाथ या घायल हिरण के बच्चों को अपने शिशु की तरह पालती हैं – उन्हें न सिर्फ अपने घर लाती हैं, बल्कि अपना दूध पिलाकर उनका पालन-पोषण करती हैं। यह दृश्य जितना अद्भुत लगता है, उतना ही हृदयस्पर्शी भी है। पांच सौ वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में, ममता और प्रकृति के बीच का अदृश्य रिश्ता हर दिन जीवित रहता है।

यहां के बच्चे जानवरों के साथ बड़े होते हैं, खेलते हैं, सीखते हैं कि पेड़ और पशु उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। बिश्नोई समाज में हिरण को भगवान श्रीकृष्ण का अवतार माना जाता है। इसीलिए, यहां के लोग हिरणों को पूजते हैं और उनकी रक्षा को अपना धर्म समझते हैं।

### बिश्नोई आंदोलन- पर्यावरण संरक्षण की पहली चिंगारी

पर्यावरण आंदोलन के इतिहास में बिश्नोई समाज का योगदान अतुलनीय है। 1730 के दशक में, जोधपुर के राजा अभय सिंह ने अपने नए महल के निर्माण के लिए खेजड़ी के वृक्षों को काटने का आदेश दिया। जब सैनिक पेड़ों को काटने आए, तो खेजड़ली गांव की अमृता देवी बिश्नोई ने अपनी तीन बेटियों के साथ मिलकर पेड़ों से लिपटकर उनका बचाव किया। सैनिकों ने उनके प्राणों की भी परवाह नहीं की। देखते ही देखते, 363 बिश्नोई पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने वृक्षों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

इस बलिदान ने भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। अमृता देवी के नेतृत्व में हुआ यह बलिदान बाद के चिपको आंदोलन का भी प्रेरणास्रोत बना। आज भी भारत सरकार "अमृता देवी बिश्नोई वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार" के माध्यम से इस महान विरासत को याद करती है।

> बिश्नोई समाज राजस्थान का एक अनूठा समुदाय है जो सदियों से पेड़-पौधों और वन्य जीवों की रक्षा में अपना जीवन समर्पित करता आया है। यहां की महिलाएं घायल हिरणों को अपने बच्चों की तरह पालती हैं। 1730 में खेजड़ली गांव में अमृता देवी और 363 बिश्नोईयों ने पेड़ों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। बिश्नोई जीवनशैली 29 नियमों पर आधारित है, जिसमें प्रकृति से गहरा प्रेम निहित है। %बिश्नोई टाइगर फोर्स% जैसे संगठनों के माध्यम से आज भी यह समाज जीव रक्षा का कार्य करता है। बिश्नोई समाज सच्चे अर्थों में प्रकृति का संरक्षक है।
>
> डॉ. सत्यवान सौरभ

### 29 नियमों पर आधारित जीवनशैली

बिश्नोई समाज की जीवनशैली 'जाम्भोजी महाराज' द्वारा प्रतिपादित 29 नियमों पर आधारित है। 'बीस' और 'नौ' से मिलकर बना 'बिश्नोई' शब्द, इन नियमों के प्रति समाज की अटूट निष्ठा का परिचायक है। इन नियमों में शाकाहार, जीवों की रक्षा, पेड़ों की पूजा, पानी का संरक्षण और सरल जीवनशैली पर विशेष बल दिया गया है। बिश्नोई समाज का प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह पुरुष हो या महिला, इन आदर्शों को अपने जीवन का आधार बनाता है।

### संगठित प्रयास: जीव रक्षा से टाइगर फोर्स तक

समाज के भीतर ही नहीं, बिश्नोईयों ने अपने संगठनों के जरिये भी बड़े पैमाने पर संरक्षण का कार्य किया है। 'अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई महासभा' और 'बिश्नोई टाइगर फोर्स' जैसी संस्थाएं चौबीसों घंटे वन्यजीवों की रक्षा में लगी रहती हैं। शिकारियों को पकड़ना, कानूनी कार्यवाही कराना और आम लोगों में जागरूकता फैलाना – ये इनके नियमित कार्य हैं। आज जब दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण की बातें हो रही हैं, तब भी बिश्नोई समाज नारे नहीं, अपने कर्मों से उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इनके लिए संरक्षण कोई अलग अभियान नहीं, बल्कि सांस लेने जैसा स्वाभाविक कार्य है।

### बिश्नोई समाज से मिलने वाली प्रेरणा

जहां आधुनिक सभ्यता के दबाव में मनुष्य और प्रकृति के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है, वहीं बिश्नोई समाज यह सिखाता है कि इंसान प्रकृति का अभिन्न अंग है। उनके लिए पेड़ और पशु महज संसाधन नहीं हैं, बल्कि जीवन के साथी हैं। बिश्नोई समाज की माताएं जब हिरणों को अपने स्तनों से दूध पिलाती हैं, तब वह यह संदेश देती हैं कि ममता की कोई सीमा नहीं होती। पेड़ों से लिपटकर अपने प्राण देने वाले लोग यह सिखाते हैं कि जीवन केवल स्वयं के लिए नहीं, दूसरों के लिए भी जिया जा सकता है। आज जब वैश्विक तापमान बढ़ रहा है, जैव विविधता खतरे में है और जलवायु परिवर्तन मानवता को चुनौती दे रहा है, तो हमें बिश्नोई समाज से सीख लेनी चाहिए। उनके जीवन में पेड़, पशु और प्रकृति केवल आदर के पात्र नहीं हैं, बल्कि पूज्य और परिवार का हिस्सा हैं। बिश्नोई समाज हमें बताता है कि यदि हम प्रकृति से प्रेम करेंगे, तो प्रकृति भी हमारी रक्षा करेगी। भारत के इस महान समाज को नमन, जो सच्चे अर्थों में धरती के संरक्षक हैं!

# पौराणिक महत्व का त्योंहार है अक्षय तृतीया



रमेश सर्राफ धमोरा

अक्षय तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है। इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। हिंदू परिवारों के लिए यह दिन बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है। जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में वैसाख के वसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं। जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला। इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। "अक्षय" शब्द का अर्थ होता है जो कभी खत्म न हो। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है।

हमारे देश में समय-समय पर बहुत से त्योहार मनाये जाते हैं। इसलिए हमारे देश को त्योहारों का देश भी कहते है। हिन्दू धर्मावलम्बियोंके प्रमुख त्योहारों में से एक अक्षय तृतीया है जिसे हम आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया देश भर में हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य इस शुरू होता है वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्योहार हर वर्ष वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को है।

अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं। क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है। माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसीलिये इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाये थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी। और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है। जैन धर्म में अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है जिसे दान और पुण्य कार्य करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। अक्षय तृतीया के दिन यूं तो आप किसी भी देवी-देवता की पूजा कर सकते हैं। लेकिन विशेष रूप से इस दिन माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और धन के देवता कुबेर की पूजा करने का विधान है। अन्य त्योहारों की तरह इस त्यौहार में भी दीपक जलाते हैं। इस दिन किया गया परोपकार हमारे लिए जीवन को सुखी बना देता हैं। इसीलिए इस दिन लोग गरीबों को भोजन कराते हैं तथा उनकी सहायता करते हैं। माना जाता है कि इस दिन किए गए पुण्य हमारे लिए स्वर्ग में जगह बनाते हैं। इस दिन कई लोग जागरण रखकर हवन करते हैं तथा गरीबों को दान देते हैं। कई लोग अपने नए घर में मुहूर्त के हिसाब से प्रवेश करते हैं। अक्षय तृतीया का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग और त्रेता युग का आरंभ हुआ था। द्वापर युग का समापन और महाभारत युद्ध का समापन भी इसी तिथि को हुआ था। देश के अनेक हिस्सों में इस तिथि का अलग-अलग महत्व है। जैसे उड़ीसा और पंजाब में इस तिथि को किसानों की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। तो बंगाल में इस दिन गणपति और लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है।

इतना पवित्र पर्व होने के उपरांत भी इस दिन बड़ी संख्या में होने वाले बाल विवाह इस पर्व के महत्व को कम करते हैं। अबूझ सावा मानकर बड़ी संख्या में लोग अपने नाबालिक बच्चों की इस दिन शादी कर देते हैं। कम उम्र के बच्चों के विवाह रोकने के लिए इस दिन प्रशासन को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। राजस्थान सहित कई प्रदेशों में तो अक्षय तृतीया का दिन बाल विवाह के लिए बदनाम हो चुका है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। ऐसे पवित्र दिन का महत्व बनाए रखने के लिए समाज को इस दिन होने वाली कुरीतियों पर रोक लगाकर एक सकारात्मक संदेश देना होगा। तभी सार्थकता बनी रह पाएगी।

# बाहरी स्वच्छता से पहले आंतरिक शुद्धता जरूरी !



सुशील कुमार 'नवीन'



हिन्दू होकर हम हिंदू नहीं, फिर वो हमें हिंदू क्यों मानें !

पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 पर्यटकों की हत्या की घटना इन दिनों अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक चर्चा में है। इस घटना के परिणाम भविष्य में क्या रहेंगे। इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। इस मामले में भारत सरकार का क्या रुख रहेगा? अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को इस बारे में किस प्रकार का समर्थन मिलेगा। यह सब वक्त और हालात पर निर्भर रहेगा। हम सब को भी इस बात का पूर्ण भान है कि कई बार दोस्ती और समर्थन का दंभ भरने वाले मौके पर दूसरे पाले में खड़े मिलते है। दो लोगों की लड़ाई में निपटान करने वालों से लड़ाई का रसास्वादन करने वालों की संख्या कई गुणा होती है। ऐसे में कोई भी कदम उठाने से पहले पॉजीटिव और निगेटिव का गहराई तक आंकलन जरूरी है। पर्यटक, वो भी हिन्दू पर्यटकों की हत्या करना एक घटना नहीं सुनियोजित साजिश है। इस साजिश की तह तक जाना बहुत जरूरी है। स्वाभाविक है जांच सिरे तक पहुंची तो हत्याकांड के तार दूर-दूर तक मिलेंगे।

पहलगाम में जो हुआ वो किसी भी रूप में सही नहीं है। देश हमारा है, राज्य हमारा है। यही हम सुरक्षित नहीं। तो ये हमारे लिए किसी शर्मनाक स्थिति से कम नहीं। ये स्थिति बन क्यों रही है? इस पर भी विचार जरूरी है। परिंदा हो चाहे इंसान। उसे अपने घर अपने क्षेत्र, अपने राष्ट्र से सुरक्षित कोई जगह नहीं लगती है। यही सुरक्षा की भावना उसे पर्यटन के लिए भी आकर्षित करती है। भागदौड़ की आज की जिंदगी में फुर्सत के लम्हों को ऐसी जगह गुजारने का मन होता है जो उसे मानसिक स्फूर्ति और ताजगी से पूर्ण कर दें। गर्मी की शुरुआत हुई है। ऐसे में इन दिनों पर्वतीय क्षेत्र पहली पसंद है।

जम्मू और कश्मीर को ' धरती का स्वर्ग ऐसे ही नहीं कहा जाता है। बर्फ से ढके पहाड़, प्राकृतिक वनस्पतियों की भरमार , देखने योग्य मिनी स्विट्जरलैंड जैसे अनेकों स्थान, खान पान स्थानीय शिल्पकला के क्या कहने। ऐसे में पर्यटन के लिए ये राज्य सबको अपनी ओर अनायास आकर्षित करता है। यही आकर्षण 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों का शिकार बने नौसेना लेफ्टिनेंट विनय नरवाल जैसे अनेकों को वहां खींचकर ले गया था। उन्हें इस बात का अंदाजा थोड़े ही था कि जिस आनंद की अनुभूति करने के लिए परिवार समेत वो वहां आएं हैं वो न केवल उनकी जान लेगा वहीं परिवार को कभी न भूले जाने वाला दर्द भी दे देगा।

घटना कितनी भयावह है, इस बात से हर कोई परिचित है। अपनों के खोने को ग़म अपनों को ज्यादा होता है। शेष के लिए तो कुछ समय ही याद रहने वाली एक घटना ही रहती है। फिलहाल इस घटना से हर भारतीय को दुख है। ऐसा नहीं है कि इस तरह की घटना पहली बार हुई हो। आतंकियों को जब भी मौका मिला है निर्दोषों को निशाना बनाया गया है। इस बार भी ऐसा ही हुआ, फर्क बस इतना कि आतंकियों का निशाना सिर्फ हिंदू रहे। पर्यटकों में से सिर्फ हिंदू छांटना, उनसे कलमा पढ़ने की कहना और जो न पढ़ पाए उसे उसी समय उसके परिवार के सामने निर्दयीयता पूर्वक गोली से उड़ा देना। यह बहुत बड़ा विषय है। आखिर हिन्दू ही निशाने पर क्यों? घटना के बाद बहुत सी जगह पढ़ने और सुनने को मिला कि कलमा पढ़ लेते तो जान बच जाती। अब बात ये भी है कि हर किसी को कलमा याद थोड़े ही होगा। फिर हिन्दू कलमा पढ़े भी क्यों? जिसे कलमा याद नहीं वो काफिर हो गया। क्या इसलिए उसे मार देना उचित है। वैसे देखा जाए तो अपने धर्म के प्रति हम भी कौनसे ईमानदार है। दूसरों को तो कुछ कहने का मौका हम देते ही नहीं। हम ही उसकी कमियां आलोचना करने में काफी है। जब हिन्दू होकर हम स्वयं को हिंदू नहीं मानते तो दूसरे क्यों इसकी महत्ता स्वीकारेंगे। हमारी इसी बात का फायदा दूसरे उठाते हैं। खैर जो हुआ उसे वापिस तो नहीं किया जा सकता। पर ये घटना केवल एक घटना नहीं है। इस पर चिंतन भी किया जाना जरूरी है। इतिहास गवाह है कि अपनों की दगाबाजी के बिना दूसरों की इतनी हिम्मत नहीं की कोई आपके घर में घुसकर आपको मार दे। अपनों की शह तो इसमें जरूर मिलेगी। जरूरी नहीं ये अपने वहीं के हो। वे तो दूर बैठे भी हो सकते हैं। ऐसे में किसी भी बड़े कदम को उठाए जाने से पहले अपनी आंतरिक स्थिति का आंकलन और शुद्धता बहुत जरूरी है। जड़ मजबूत होगी तो मजबूती शिखर तक रहेगी।

# शिक्षा एवं वैचारिक शक्ति राष्ट्र की ताकत, दुश्मन के मानसिक नियंत्रण पर प्रहार



संजीव ठाकुर,

स्तंभकार,स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़,

हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकेंग्र बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकताग्र वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंत:प्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंत: विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।



# बॉलीवुड फिल्मों के फ्लॉप होने पर विक्रम भट्ट ने दिए सुझाव

पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड में कई बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धराशायी हो रही हैं। जिससे इंडस्ट्री में कहीं न कहीं परेशानी बनी हुई है। हर कोई इसका उपाय निकालने का प्रयास कर रहा है। अब निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट ने इसको लेकर कुछ सुझाव दिए हैं और इसको कैसे सुधारा जा सकता है, इस पर अपने विचार रखे हैं। निर्देशक का कहना है कि हमें आम जनता की जरूरतों को पूरा करने की जरूरत है। हमें उस पर जोर देना चाहिए।

### विक्रम भट्ट ने की साउथ की तारीफ

हाल ही में एएनआई के साथ बातचीत में विक्रम भट्ट में इंडस्ट्री की हालत में सुधार लाने के लिए कुछ सुझाव देते हुए कहा, हर कोई आम जनता को भूल गया और खास फिल्मों की ओर चला गया। वहीं कोविड के दौरान से सिनेमाघरों में फिल्में देखने की दर्शकों की आदत गायब हो गई है। हमने बड़े पैमाने पर फिल्में बनाना बंद कर दिया। अगर आप साउथ की इंडस्ट्री को देखें, तो यह फल-फूल रहा है क्योंकि यह हमेशा बड़े पैमाने पर दर्शकों को अहमियत देता है। वे अभी भी सुपरहीरो देखना चाहते हैं, पुष्पा देखना चाहते हैं, कंतारा देखना चाहते हैं। वे अभी भी खलनायक को खलनायक मानते हैं, अभी भी सीटी बजाते हैं और ताली बजाते हैं। हम तो वैसी फिल्में बनाना भूल गए जिसे देखकर दर्शक सीटी और ताली बजाएं। ऐसी फिल्में बनानी चाहिए, जो जरूरी हों विक्रम भट्ट ने आगे फिल्म बनाते समय फिल्ममेकर्स को कुछ जरूरी बातों पर ध्यान देने के लिए सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा, हमें ऐसी फिल्में बनानी चाहिए जिनकी बहुत जरूरत हो। मैंने इसे हाल ही में सीखा है जब मेरी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' नहीं चली। इसे बहुत अच्छी समीक्षाएं मिलीं। लेकिन यह इसलिए नहीं चली क्योंकि यह जरूरत वाली फिल्म नहीं थी। भले ही मेरी फिल्म नहीं चली। इसलिए, हमें ऐसी फिल्में बनानी होंगी जो जरूरी हों, फिल्म के नाम पर कुछ भी नहीं बनाना चाहिए। फिल्में इस तरह से बनाई जानी चाहिए कि लोग पहले दिन के पहले शो का बेसब्री से इंतजार करें।

### कंटेंट पर जोर देना चाहिए

निर्देशक ने आगे स्टारकास्ट की बजाय कंटेंट पर जोर देने का सुझाव देते हुए कहा, यह पूरी समस्या एक मिनट में हल हो सकती है अगर म्यूजिक कंपनियां, डिजिटल और सैटेलाइट कंपनियां यह संदेश देना शुरू कर दें कि हमें अच्छे गाने चाहिए, हमें अच्छी तस्वीरें चाहिए। अगर आप स्टारकास्ट को नहीं बल्कि अच्छी फिल्म को सपोर्ट करते हैं, तो निर्माता पर बोझ नहीं पड़ेगा। हमें कंटेंट पर जोर देना चाहिए, स्टारकास्ट पर नहीं।





# 'सुस्वागतम खुशामदीद' से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं इसाबेल कैफ

## पुलकित सम्राट के साथ आएंगी नजर

बॉलीवुड में फिल्मी घराने से एक और एक्ट्रेस पदार्पण करने जा रही है। अभिनेत्री कटरीना कैफ की बहन इसाबेल कैफ की फाइनली बॉलीवुड में एंट्री हो गई है। इसाबेल और अभिनेता पुलकित सम्राट की फिल्म 'सुस्वागतम खुशामदीद' का टीजर जारी हो गया है। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। जो मई में रिलीज होने वाली है।

### प्रेम कहानी में है ये बड़ा पेंच

टीजर से पता चलता है कि पुलकित सम्राट और इसाबेल कैफ की इस फिल्म की कहानी दो अलग-अलग धर्मों और अलग-अलग देशों से आने वाले किरदारों की कहानी है। जिसमें पुलकित सम्राट के किरदार का नाम अमन है जो भारत का है और इसाबेल के किरदार का नाम नूर है, जो संभवतः पाकिस्तान से आती है। टीजर से साफ है कि फिल्म की कहानी इसी मुद्दे पर आगे बढ़ेगी कि दो अलग-अलग धर्मों से आने के बावजूद इनकी प्रेम कहानी कैसे मुकम्मल होगी। जारी हुए टीजर में कोई डायलॉग नहीं है। सिर्फ बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ दोनों कलाकारों का रोमांस नजर आ रहा है। फिल्म 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

फिल्म के टीजर को पुलकित सम्राट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी साझा किया है। इस टीजर को साझा करते हुए पुलकित ने कैप्शन में लिखा है, दो आत्माएं, दो देश, एक प्रेम कहानी। सुस्वागतम खुशामदीद का टीजर हुआ जारी। इस फिल्म का निर्देशन धीरज कुमार ने किया है। 'सुस्वागतम खुशामदीद' से कटरीना कैफ की बहन इसाबेल कैफ बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। हालांकि, उनके डेब्यू की चर्चाएं काफी लंबे वक्त से चल रही थीं। अब फाइनली उनकी पहली फिल्म रिलीज हो रही है। बता दें कि 'सुस्वागतम खुशामदीद' का इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में भी एक टीजर जारी हुआ था। लेकिन उसके बाद ऐसा लगा था कि जैसे फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई है। हालांकि, अब फिल्म का फिर से नया टीजर जारी हुआ है। जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह बढ़ गया है।



# फिर मर्दानी बनकर लौटेंगी रानी मुखर्जी, अगले साल फरवरी में रिलीज होगी मर्दानी 3

अभिनेत्री रानी मुखर्जी के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। लंबे वक्त से चर्चाओं में बनी रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी 3' को लेकर अब तक की सबसे बड़ी जानकारी सामने आई है। मेकर्स ने 'मर्दानी 3' से रानी मुखर्जी का पहला लुक और फिल्म की रिलीज डेट दोनों को जारी कर दिया है। जिसके बाद अब फैंस एक बार फिर रानी मुखर्जी को शिवानी शिवाजी रॉय की दमदार भूमिका में देखने के लिए उत्साहित हैं।

रानी मुखर्जी एक बार फिर धाकड़ और साहसी पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाने को तैयार हैं। फिल्म के मेकर्स ने आज रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' का पहला लुक और रिलीज डेट दोनों की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर इसको लेकर जानकारी दी है। फिल्म के मेकर्स यशराज फिल्म्स की ओर से साझा किए गए फर्स्ट लुक में रानी मुखर्जी काले रंग की शर्ट और नीली जींस पहने हाथों में बंदूक लिए काफी इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए वाईआरएफ की ओर से कैप्शन में लिखा गया, मर्दानी 3 के लिए उल्टी गिनती शुरू। होली पर अच्छाई बुराई से लड़ेगी, क्योंकि शिवानी शिवाजी रॉय 27 फरवरी, 2026 को बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। बता दें कि साल 2026 में 4 मार्च को होली का त्योहार होने वाला है। इससे पहले शुक्रवार यानी कि 27 फरवरी को रानी मुखर्जी एक बार फिर शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में सिनेमाघरों में एंट्री करेंगी।

### सात साल बाद लौटेगी 'मर्दानी'

'मर्दानी 3' रानी मुखर्जी की साल 2014 में आई 'मर्दानी' की तीसरी कड़ी है। इससे पहले 2019 में 'मर्दानी 2' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। पिछली दोनों ही फिल्मों को दर्शकों और क्रिटिक्स की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली थीं और बॉक्स ऑफिस पर भी इन फिल्मों को पॉजिटिव रिस्पॉन्स ही मिला था। अब 'मर्दानी 3' से मेकर्स एक बार फिर उसी तरह की उम्मीद कर रहे हैं।

शिवानी शिवाजी रॉय का सफर साल 2014 में शुरू हुआ था। जब फिल्म 'मर्दानी' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रानी मुखर्जी पहली बार इस तरह के किरदार में नजर आई थीं। फिल्म को लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। 'मर्दानी' ने भारत में कुल 48.11 करोड़ का कारोबार किया था। जो अपने बजट से काफी ज्यादा था।

### अच्छा था 'मर्दानी 2' का कलेक्शन

'मर्दानी' के लगभग पांच साल बाद फिल्म का अगला पार्ट 'मर्दानी 2' के नाम से रिलीज हुआ। इसमें एक बार फिर रानी मुखर्जी शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में नजर आईं। 'मर्दानी' की ही तरह 'मर्दानी 2' ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। 'मर्दानी 2' ने इंडियन बॉक्स पर कुल 57 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली थीं।

# इन फिल्मों का सीक्वल लाने की तैयारी में रोहित शेट्टी



रोहित शेट्टी एक हिट फिल्ममेकर हैं। उन्होंने 2011 में सिंघम से कॉप यूनिवर्स की शुरुआत की। इसके बाद सिंघम रिटर्न्स, सिम्बा, सूर्यवंशी और सिंघम अगेन आई। सिंघम अगेन के बाद उन्होंने हाल ही में नए सीक्वल्स की बात की। रोहित ने गेम चेंजर्स शो में बताया कि सिम्बा 2 और सूर्यवंशी की अगली फिल्म भी बनेगी उनकी प्लानिंग पहले से तैयार है। रोहित ने कहा कि जब सिंघम बनी थी, तब यूनिवर्स का आइडिया नहीं था, लेकिन सिम्बा लिखते समय यह सोचा गया कि इसे यूनिवर्स बनाया जाए। इसी के साथ सूर्यवंशी की भी प्लानिंग शुरू हुई। उन्होंने बताया कि ये सब पहले से सोच-समझकर किया गया था। सूर्यवंशी की शूटिंग के दौरान ही सिंघम अगेन का आइडिया आया। किरदारों को कैसे जोड़ा जाएगा, ये पहले से प्लान था। सिंघम अगेन में कई सितारे शामिल हुए थे। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह जैसे स्टार्स के साथ दीपिका और टाइगर भी थे। रोहित शेट्टी अब अपने कॉप यूनिवर्स को और बड़ा बनाना चाहते हैं। वह दर्शकों के लिए नई फिल्में, नए किरदार और और भी धमाकेदार कहानियां लाने वाले हैं।

# रजनीकांत स्टारर कुली के लिए श्रुति हासन ने शुरू की डबिंग

रजनीकांत स्टारर अपकमिंग फिल्म कुली की शूटिंग पूरी करने के बाद अभिनेत्री श्रुति हासन फिल्म की डबिंग के लिए जुट चुकी हैं। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस ड्रामा के लिए पोस्ट-प्रोडक्शन का काम जोरों पर है। हाल ही में, कन्नड़ अभिनेता उपेंद्र ने पहली बार पुष्टि की कि कुली में उनके और रजनीकांत के साथ कॉम्बिनेशन सीन हैं। निर्देशक लोकेश कनकराज की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'कुली' की रिलीज डेट का निर्माताओं ने हाल ही में ऐलान किया। निर्माताओं ने बताया कि फिल्म इस साल 14 अगस्त को दुनियाभर में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने एक्स के जरिए यह घोषणा की। इसमें लिखा, कुली 14 अगस्त से दुनियाभर में रिलीज होगी। कुली एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें रजनीकांत, श्रुति हासन के साथ तेलुगू स्टार नागार्जुन, कन्नड़ स्टार उपेंद्र, सौबिन शाहिर और सत्यराज जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे। बॉलीवुड स्टार आमिर खान भी इस फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक इस अटकल की पुष्टि नहीं की है। फिल्म में रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर भी प्रमुख भूमिका में हैं। इसके साथ ही हाल ही में अभिनेत्री पूजा हेगड़े की भी एंट्री हुई है। सन पिक्चर्स ने फिल्म का निर्माण किया है। कुली का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है।

इस फिल्म ने कई कारणों से लोगों की दिलचस्पी जगाई है। उनमें से एक यह है कि इस फिल्म में अभिनेता सत्यराज और रजनीकांत लगभग 38 साल बाद एक साथ काम करते हुए नजर आएंगे।





# पहली बार सीन करते हुए टांगें कांप रही थीं

**पाताल लोक के बेबस पुलिस वाले तो राजी के सख्त ट्रेनर, जाने जां के जीनियस सीक्रेट प्रेमी तो महाराज के ढकोसले बाज बाबा... एक्टर जयदीप अहलावत हर भूमिका के साथ बॉलीवुड में अपनी धाक मजबूत करते जा रहे हैं। इन दिनों वह अपनी फिल्म ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिंस को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें उनके डांस ने धूम मचाई हुई है।**

हमेशा अपनी अदाकारी के लिए वाहवाही बटोरने वाले एक्टर जयदीप अहलावत इन दिनों अपने एक और हुनर से दर्शकों का दिल लूट रहे हैं और वह टैलेंट है डांस। अपकमिंग फिल्म ज्वेल थीफ के गाने जादू में जयदीप के डांस का जादू लोगों के सिर चढ़कर ऐसा बोल रहा है कि वह खुद हैरत में हैं। उनका कहना है कि दर्शकों के लिए उनका डांस करना भले ही अचरज की बात हो, मगर डांस से उनका रिश्ता पुराना है।

### बड़े डांस मुकाबले जीते हैं

बकौल जयदीप, मैंने सच में सोचा नहीं था कि यह डांस (फिल्म ज्वेल थीफ के गाने जादू पर डांस) इतना चर्चित हो जाएगा। लोगों का ऐसा रिएक्शन शायद इसलिए आया है, क्योंकि मैंने पर्दे पर डांस नहीं किया था और अचानक मुझे यह अहसास हुआ कि बतौर एक्टर मेरी बहुत ज्यादा सीरियस इमेज है। वरना, मुझे जानने वालों को पता है कि मैं डांस करता रहा हूं। मैं बहुत डांस कॉम्पिटिशन में भी नाचा हूं। हमारे रोहतक, हरियाणा में जो डांस कॉम्पिटिशन होते हैं, उनमें तीन साल तक लगातार हिस्सा लिया और फर्स्ट प्राइज, सेकेंड प्राइज सब जीता है।

### डरावना था पहली बार कैमरे का सामना

जयदीप ने हमसे एक्टिंग की ओर रुझान, पहले सीन का अनुभव और मौजूदा स्टारडम पर भी बात की। पहली बार कैमरे के आगे सीन करते की यादों पर वह बताते हैं, वैसे तो [illegible] में मैंने कई बार कैमरे का सामना किया था, पर कमर्शियली पहली बार कैमरे के सामने आया फिल्म आक्रोश में। प्रियदर्शन सर डायरेक्टर थे और वह बहुत डरावना था। आपको लगता है कि आप पूरी तरह तैयार हैं, मगर जिस दिन आप सच में काम शुरू करते हैं, असलियत तब पता चलती है। वह तो भगवान का शुक्र है कि हमने बहुत खुले-खुले से पजामे पहने हुए थे, नहीं तो टांगे कांपती दिखाई देतीं। मैं कसम से बता रहा हूं, पूरा शरीर कांप रहा था।

### गरीबी में बनी थी गैंग्स ऑफ वासेपुर

अनुराग कश्यप की फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर में शाहिद की भूमिका से चर्चा में आए जयदीप उन दिनों की यादें भी ताजा करते हैं। वह बताते हैं, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि वह फिल्म ऐसा कमाल करेगी। बस ये था कि अच्छी कहानी है, तो इसका हिस्सा बनते हैं। बहुत ही उत्साह और बहुत ही गरीबी में वो फिल्म बनाई गई थी। किसी ने उस फिल्म को बजट नहीं दिया और किसी को अंदाजा नहीं था कि वह फिल्म ऐसी बनेगी। मगर जब वो रिलीज हुई तो एक ही हफ्ते में सबको समझ में आया कि ओह, ये थोड़ी ज्यादा फट गई है, मगर बहुत अच्छा अनुभव था। हम सब नए थे। पहला काम था तो कोई प्रेशर नहीं है। जो समझ में आया, वो कर दिया।

### बॉन्डिंग का श्रेय सैफ को



फिल्म ज्वेल थीफ के इवेंट्स पर को-स्टार सैफ अली खान के साथ जयदीप की अच्छी बॉन्डिंग दिखी। वहीं, इससे पहले करीना कपूर भी कह चुकी हैं कि [illegible] से पढ़े होने के चलते सैफ उनकी एक्टिंग की बहुत कद्र करते हैं। इस बारे में जयदीप ने कहा, मुझे लगता है कि सैफ सभी की इज्जत करते हैं, वो चाहे एक्टर हों या तकनीशियंस। वह कमाल के इंसान है। हमारी बॉन्डिंग का बड़ा श्रेय उनको जाता है, क्योंकि वह इस तरह के इंसान हैं जो बहुत जल्द आपको एक कंफर्ट जोन में लेकर आते थे। फिर जब ऐसा लगता है कि हां, उनके साथ वो स्पेस है कि आप भी खुल पाते हैं, पर यह श्रेय उनको जाता है।



# स्वस्थ तन और मन के लिए याद रखें 5 नियम

**हमारे शरीर की हर प्रणाली आपस में जुड़ी हुई है। इसलिए, हमारा शारीरिक स्वास्थ्य हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, और हमारा मानसिक स्वास्थ्य हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। हम इन नियमों को नियमों की तरह नहीं मानते हैं, क्योंकि ये जीवन का एक तरीका हैं।**

## पूरा पोषण लेना

पोषण लेने का मतलब यह नहीं है कि हम हर समय सलाद खाते रहते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करता है कि हम अपने शरीर को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा से लेकर सभी विटामिन और खनिजों तक सभी पोषक तत्वों से भर दें। यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा कुल कैलोरी सेवन हमारे शरीर संरचना लक्ष्यों के अनुरूप है। यह भी सुनिश्चित करते हुए कि हमारे आहार में हमारे पसंदीदा और मुख्य खाद्य पदार्थ हैं। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हमारे शरीर का 50-60 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना है और हमें इष्टतम स्वास्थ्य, मस्तिष्क के कार्य आदि के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है।

## व्यायाम और गतिविधि

सप्ताह में कम से कम 3-5 बार व्यायाम करना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है। व्यायाम का कोई भी रूप जो हमारे लिए सुरक्षित है, और जिसका हम आनंद लेते हैं, हम में से अधिकांश के लिए एक अच्छी शुरुआत है। दैनिक आधार पर सक्रिय रहने और अधिक कदम (8-10' कदम) चलने के साथ इसे जोड़ना एक आदर्श संयोजन बनाता है।

## इसके बाद नींद आती है

हर रात 7.5 घंटे से ज्यादा सोना अच्छा होता है। पर्याप्त नींद भी हमारी उत्पादकता में सुधार करती है और लालसा, भूख को कम करती है, सूजन और भावनात्मक प्रतिक्रिया को कम करती है।

## तनाव प्रबंधन और दिमागीपन

दूसरी ओर, तनाव प्रबंधन भी उतना ही महत्वपूर्ण है, अगर तनाव को ठीक से प्रबंधित किया जाए, तो यह वास्तव में हमें बेहतर प्रदर्शन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। याद रखें, हमारे विचारों की गुणवत्ता हमारे जीवन की गुणवत्ता को निर्धारित करती है। इसलिए, हमें सक्रिय रूप से अपने दिमाग पर काम करना चाहिए, खुद को सुधारना चाहिए और अपने मानसिक दोषों को कम करना चाहिए। नियमित रूप से ध्यान करना और कृतज्ञता जर्नलिंग रूटीन रखना इनके लिए एक गेम चेंजर है।

## पर्यावरण और नियमित प्रबंधन

पर्यावरण प्रबंधन में हमारे पर्यावरण में सब कुछ शामिल है। किचन में खाने से लेकर हमारी आदतों और सोशल मीडिया पर हम लोगों को फॉलो करते हैं। क्या हम अपने आत्म-विकास और हमारे लिए महत्वपूर्ण लोगों को पर्याप्त समय दे रहे हैं? यह उस तरह के लोगों तक भी फैलता है जिनसे हम खुद को घेरते हैं। खुद से पूछने के लिए कुछ प्रश्न : क्या वे हमें प्रेरित करते हैं? क्या वे हमें और हमारे लक्ष्यों का समर्थन करते हैं? क्या वे हमें सुधारने में मदद करते हैं? क्या हमारी दिनचर्या हमें स्वस्थ बनाती है, हमें मनुष्य बनाती है या हमें अधिक उत्पादक बनाती है? मैं अत्यधिक सुबह और सोने से पहले की दिनचर्या रखने की सलाह दूंगा।

# लहसुन-अदरक के सेवन से रहें सेहतमंद

**किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना बहुत जरूरी है। इस बात से हम सभी वाकिफ हैं और इसे मजबूत करने के लिए अपनी डाइट में पौष्टिक आहार व सही दिनचर्या का पालन करना भी जरूरी है। साथ ही ऐसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करने की आवश्यकता है, जो हमें अंदर से मजबूत बनाए। हमारी रसोई में वे सारी औषधियां मौजूद हैं जिनके गुणों से हम अभी भी अनजान हैं।**

जी हां, आप अदरक-लहसुन का इस्तेमाल खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए जरूर करते होंगे, लेकिन क्या आप इसके सेहत लाभ के बारे में जानते हैं? लहसुन-अदरक के सेवन से आप निरोगी काया पा सकते हैं। लेकिन इसी के साथ इसका सेवन कैसे करना है, इस बारे में भी हमें पता होना आवश्यक है। अधिकतर लोग यह सोचते हैं कि केवल खाने में ही अदरक-लहसुन का सेवन काफी है लेकिन इसके अलावा भी आपको इनका सेवन करना चाहिए, क्योंकि खाने के पकने के दौरान इनके गुण कम हो जाते हैं। आइए जानते हैं इस लेख में लहसुन-अदरक के फायदों व सेवन करने के सही तरीके के बारे में।

## इम्यून सिस्टम को कैसे करें मजबूत?

इम्यून को मजबूत करने के लिए लहसुन का इस्तेमाल करें। इसे खाने में पका के खाने की बजाय इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। कुछ देर इन्हें हवा लगने दें। लहसुन में एंटीमाइक्रोबियल तत्व पाया जाता है। ये तत्व वायरस, बैक्टीरिया व फंगस के खिलाफ काम करते हैं। लहसुन खाने से एंटीवायरस प्रोटेक्शन भी मिलता है।

## लहसुन कैसे खाएं

इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। इसे आप खाना खाने के बाद पानी के साथ ले सकते हैं। लहसुन को चबा-चबाकर खाने की बजाए इसे पानी के साथ सीधा निगल लें। इस तरह से लहसुन का सेवन करने से यह ज्यादा फायदेमंद होता है। लहसुन को 25 से 30 दिन नियमित खाने के बाद आपके अंदर से लहसुन की खुशबू आना शुरू हो जाएगी तब आप समझ जाएं कि इससे अधिक आपको लहसुन का सेवन नहीं करना है।
लहसुन कई लोगों को हजम नहीं होता है। इसके लिए आप इसका सेवन एकसाथ न करें व धीरे-धीरे इसकी आदत डालें। शुरुआत के समय आप लहसुन के एकदम छोटे से हिस्सा का सेवन करें, फिर इसी तरह धीरे-धीर इसे बढ़ाएं। जब आप लहसुन ले रहे हैं तो इसके साथ दही का सेवन भी करें।

## अदरक

अदरक औषधीय गुणों से भरपूर है। इसके सेवन से आप अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रख सकते हैं। इसका नियमित सेवन आपको कई स्वास्थ्य लाभ देगा।

## अदरक को कैसे खाएं?

अदरक को बिलकुल बारीक पीस लें व कद्दूकस करें। आपको अदरक 1 चम्मच लेना है। इसमें 6 गिलास पानी डालें। अब इसे उबलने दें। जब यह पानी 3 गिलास हो जाए तो इसे 1 कप में निकाल लें। इसे आप गुड़ या शहद के साथ भी ले सकते हैं। दिनभर में एक बार इसका सेवन करें।





# जानिए मुलेठी के ये गजब के फायदे

मुलहठी स्वाद में मीठी होने के साथ-साथ कई औषधि गुणों से भरपूर है। इसके सेवन से न सिर्फ खांसी में आराम मिलता है बल्कि इसके कई फायदे भी है। इसका इस्तेमाल आंखों के रोग, मुंह के रोग, गले के रोग, दमा, दिल के रोग, घाव के उपचार के लिए सदियों से किया जा रहा है आइए जानते हैं मुलहठी के गजब के फायदों के बारे में.

- अगर आप सूखी खांसी या गले की समस्याओं से परेशान हैं, तो मुलहठी आपके काम की चीज है। काली मिर्च के साथ पीस कर मुलहठी का सेवन, सूखी खांसी में तो लाभकारी है ही, साथ ही इसे चूसने या उबालकर सेवन करने से गले की खराश, दर्द आदि में भी लाभ होता है।
- मुलहठी चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करती है। इसे घिसकर लगाने पर चेहरे के दाग और मुंहासे ठीक हो जाते हैं, साथ ही यह आपकी त्वचा को जवा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुलहठी रक्त को भी शुद्ध करती है जिससे त्वचा की समस्याएं नहीं होती।
- दूध के साथ मुलहठी का सेवन शरीर की ताकत में वृद्धि करता है। इसके अलावा घी व शहद के साथ मुलहठी का प्रयोग करने से हृदय से संबंधित समस्याएं नहीं होती।
- मुंह में छाले हो जाने की स्थिति में मुलहठी चूसना, इसके पानी से कुल्ला करना और उसे पीना बहुत जल्दी छालों से राहत देता है। साथ ही मुलहठी आवाज को मधुर और सुरीली बनाने के लिए भी उपयोग की जाती है।
- पेट के अल्सर में मुलहठी का सेवन ठंडक देने के साथ ही लाभप्रद होता है। आंत की टीबी होने की स्थिति में भी मुलहठी फायदेमंद उपाय है।
- त्वचा या शरीर में कहीं जल जाने पर भी मुलहठी के चूर्ण और मक्खन का लेप एक कारगर उपाय है, साथ ही यह आंखों की रौशनी में भी वृद्धि करती है।



# क्या खाना खाने के बाद चलना सेहतमंद है?

वॉकिंग करना यानी टहलना कई वजहों से हेल्थ के लिए फायदेमंद ही है। इससे दिल स्वस्थ रहता है, कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है, मूड को बेहतर बनाता है। लेकिन क्या खाना खाने के बाद वॉकिंग करना हेल्दी है? स्टडी से पता चलता है कि यह शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है।

## यह ब्लड शुगर को रखता है मैंटेन

डायबिटीज मैनेजमेंट में एक अहम हिस्सा आपकी फिजिकल एक्टिविटी होती है। टाइप 2 डायबिटीज रोगियों के साथ एक कंट्रोल्ड ट्रायल में पाया गया कि जो लोग अपने मुख्य भोजन के बाद वाकिंग करते थे उनका शुगर लेवल उन रोगियों की तुलना में कम था जो दिन में सिर्फ एक बार चलते थे।

## दिल के लिए है अच्छा

एक्सरसाइज आपके दिल को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हर दिन चलने से आपको हृदय रोग का खतरा कम हो सकता है। दरअसल करेंट ओपिनियन इन कार्डियोलॉजी जर्नल में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार वाकिंग करना कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ, ब्लड सर्कुलेशन और ब्लडप्रेशर के लिए फायदेमंद होता है। इस तरह खाना खाने के बाद चलना आपके दिल की देखभाल करने का एक अच्छा तरीका है।

## पाचन को रखता है दुरुस्त

रिसर्च कहती है कि फिजिकल एक्टिविटी के एंटी इन्फ्लेमेटरी एक्टिविटी के कारण खाना खाने के बाद चलना पाचन में सुधार कर सकता है। एक्सरसाइज से अपनी आंतों में फैट, लिपिड और ग्लूकोज मेटाबोलिज्म के परिवर्तनों को कम करने में मदद करते हैं जो इन्फ्लेमेटरी स्थितियों को कम कर सकते हैं।

## लेकिन दुष्प्रभाव भी हैं

खाने के बाद वॉकिंग करना पेट में तकलीफ की वजह भी बन सकता है। इनमें अपच, मतली, उल्टी, पेट फूलना, गैस, दस्त, और दर्द शामिल हैं। यह एक हाई कार्बोहाइड्रेट सेवन या हाल ही में खाए गए खाद्य पदार्थों के पाचन में समस्याओं के कारण होता है। इससे बचने के लिए आपको चलने से 30 मिनट पहले इंतजार करना चाहिए।



**चलना या वॉकिंग करना ऐसी एक्टिविटी है जिसे आप आसानी से अपनी रूटीन में शामिल कर सकते हैं। लेकिन क्या खाना खाने के बाद चलना सेहतमंद है?**



# पेट से जुड़ी समस्याओं से हैं परेशान तो इन आसान उपायों से पाएं छुटकारा

**लाइफस्टाइल में बदलाव का सीधा असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है। गलत खान-पान आपकी सेहत को प्रभावित करता है, ऐसे में पेट से जुड़ी समस्या का होना आम बात है। जैसे पेट दर्द, गैस, पेट का फुलना आदि। वहीं कुछ लोग पेट अच्छी तरह साफ न होने की शिकायत रहती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे उपाय बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप पेट साफ न होने की समस्या से निजात पा सकते हैं।**



- बदहजमी से परेशान है, तो आपको पुदीने का सेवन करना चाहिए। पुदीना पेट को साफ करने में मदद करता है। इसका सेवन आप चटनी के रूप में भी कर सकते है।
- सौंफ और सफेद जीरा पाउडर को पहले तवे पर भून लें और फिर उसे मिलाकर पीस लें। अब इस पाउडर का सेवन या तो दिन में एक बार करें या फिर अगर पेट साफ न होने की समस्या से ज्यादा परेशान हैं, तो इसका सेवन दो से तीन बार करें। आपको पेट साफ न होने की समस्या से राहत मिलेगी।
- नियमित रूप से सुबह के समय गुनगुना पानी पीने की आदत बनाएं। इसके कई फायदे हैं। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और शरीर से सभी विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। साथ ही पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलती है।
- अजवाइन का बीज गैस और बदहजमी की समस्या को दूर करता है और तुरंत पेट को साफ करता है। इसके लिए आप अजवाइन के बीज को भूनकर रख लें और खाना खाने के बाद कुछ बीजों को रोज चबाएं।



# आलू का करें छिलके सहित इस्तेमाल जानिए इसके लाभ

सब्जी बनाते समय हम जब आलू का इस्तेमाल करते है, तो आमतौर पर लोग इसके छिलके निकाल कर फेंक देते है, और इसके बाद ही आलू का इस्तेमाल करते है, लेकिन क्या आप जानते हैं आलू को छिलके सहित इस्तेमाल करने के क्या सेहत लाभ मिलते हैं।

## ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है

आलू में भरपूर मात्रा में पोटेशियम पाया जाता है, जो कि ब्लड प्रेशर को रेग्युलेट करने में मदद करता है।

## मेटाबॉलिज्म ठीक रखता है

आलू के छिलकेमेटाबॉलिज्म को भी सही रखने में मददगार होते है। इन्हें खाने से नर्व्स को मजबूती मिलती है।

## एनीमिया से दूर रखता है

आलू के छिलकेमें आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है जिससे एनीमिया होने का खतरा बहुत हद तक कम हो जाता है।

## ताकत

आलू के छिलकेमें भरपूर मात्रा में विटामिन बी3 पाया जाता है, जो कि शरीर को ताकत देने का काम करता है।

## फाइबर से भरपूर

हमारी डाइट में फाइबर की कुछ मात्रा जरूर शामिल होना चाहिए और आलू के छिलकेमें अच्छी मात्रा में फाइबर्स होते हैं। ये डाइजेस्टिव सिस्टम को भी बूस्ट करने का काम करते है।

## धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)** विप्र सेना बिजौलियां इकाई द्वारा परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। कस्बे के राजभवानी वाटिका में समस्त ब्राह्मण समाज नें भगवान विष्णु के अवतार परशुराम जी की महाआरती कर जयघोष किया और कस्बे में शीघ्र परशुराम सर्कल बनाने की मांग की। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनो और प्रतिभाशाली युवाओ का सम्मान किया गया।

## आरटीयू कोटा में एनसीसी डीडीजी का दौरा, कैडेट्स को मिली देशसेवा की प्रेरणा




जयपुर टाइम्स

**कोटा(निसं.)।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू), कोटा में मंगलवार को एनसीसी के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (डीडीजी) एयर कमोडोर एसके आनंद ने औपचारिक दौरा किया। उनके साथ ग्रुप कमांडर कर्नल एस.जी.एस. शेखर, सेना मेडल और कर्नल सुभाष महतो भी मौजूद रहे। इस अवसर पर आरटीयू के कुलपति प्रो. एसके सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनसीसी छात्रों को सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना से जोड़ती है। यह युवाओं के सामाजिक कौशल को भी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रो. सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और एनसीसी जैसे संगठनों के माध्यम से वे सकारात्मक दिशा में अपनी ऊर्जा लगाते हैं। उन्होंने बताया कि आरटीयू के कैडेट्स ने हमेशा समर्पण और अनुशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियों और अभ्यासों का जीवंत प्रदर्शन किया, जिसे डीडीजी और अन्य अधिकारियों ने सराहा। कैडेट्स को देशसेवा में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया गया और उनके प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में एक संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें कैडेट्स ने अपने अनुभव साझा किए और वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। दौरा विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण रहा और इससे छात्रों में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

## मालपुरा गेट थाना पुलिस ने फरार आरोपियों को पकड़ा...



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निसं.)।** मालपुरा गेट थाना पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो फरार आजीवन कारावास भुगत रहे हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया। एसएचओ मुनींद्र सिंह के नेतृत्व में यह बड़ी कार्यवाही हुई है। गिरफ्तार आरोपी कैदी थे, जो सांगानेर के खुले शिविर से फरार हो गए थे। डीसीपी तेजस्वनी गौतम के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। फरार कैदियों की पहचान सद्दाम निवासी अजमेर और मोहनलाल उर्फ राजेश निवासी भीलवाड़ा के रूप में हुई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध हत्या, जैसे गंभीर अपराधों में सजा सुनाई गई थी। 16 अप्रैल 2025 को सुबह कैदी शिविर से फरार हो गए थे, जिसके बाद प्रकरण दर्ज किया गया। टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरी के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी में कर्ण सिंह, विजयभान, योगराज, पवन स्पेशल टीम की विशेष भूमिका रही। आरोपियों को अब पुनः जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। डीसीपी ने इस सफल कार्रवाई के लिए टीम को सराहा और उनकी तत्परता की प्रशंसा की।

## जेबतराशी कर मोबाइल चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

### सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से पुलिस ने दबोचा

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की जेब तराशी कर मोबाइल चुराने वाले एक शातिर चोर को जीआरपी फुलेरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी नन्दकिशोर पुत्र जगदीश प्रसाद (उम्र 45 वर्ष), निवासी रैगर मोहल्ला, दूदू को पुलिस ने सूचना संकलन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ा। आरोपी ने 28 अप्रैल 2025 को फुलेरा स्टेशन की बुकिंग खिड़की पर खड़े एक यात्री की जेब से ओप्पो एफ27 (5जी )मोबाइल चोरी किया था। पीड़ित की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी से चोरी किया गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। अभियुक्त को 29 अप्रैल को न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई अतिरिक्त महानिदेशक रेलवे भूपेंद्र साहू, आईजी राघवेंद्र सुहासा व एसपी जीआरपी अजमेर नरेंद्र सिंह चौधरी के निर्देशों पर, थानाधिकारी गुलजारीलाल के नेतृत्व में की गई। तथा विशेष योगदान टीम में शामिल रहे एएसआई भजनाराम, कांस्टेबल कृष्ण, रामजीलाल का रहा ।




## वीजीयू में कैरियर मार्गदर्शन व कौशल विकास पर विशेष आयोजन, छात्रों को मिला प्रेरणादायक मार्गदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में विकास अध्ययन विभाग और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर मार्गदर्शन और कौशल विकास गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को करियर विकल्पों, उद्योग रुझानों और व्यावसायिक दक्षताओं के प्रति जागरूक कर उन्हें सशक्त बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसमें विशेष अतिथि पंकज ओझा (अतिरिक्त आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, राजस्थान), सोनिया कौशिक (राजस्थान प्रमुख, देश 24एक्सप्रेस), वीजीयू के कुलपति प्रो. डॉ. ललित पवार, विभिन्न विभागों के एचओडी व संकाय सदस्य उपस्थित रहे। पंकज ओझा ने अपने सत्र में सार्वजनिक सेवा में नैतिकता और नेतृत्व की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी को लेकर अहम सुझाव दिए। उन्होंने छात्रों से आत्म-अनुशासन और समाज सेवा के भाव को जीवन में उतारने का आह्वान किया। वहीं, सोनिया कौशिक ने मीडिया क्षेत्र के प्रभाव,



संचार कौशल की महत्ता और निरंतर विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए छात्रों को मीडिया व जनसंचार में संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आज का युवा अगर सही दिशा में मेहनत करे, तो वह किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकता है। कुलपति डॉ. पवार ने अपने समापन उद्बोधन में छात्रों से कहा कि वे अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट रहें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को छात्रों के करियर निर्माण में सहायक बताते हुए इसकी निरंतरता पर बल दिया। कार्यक्रम ने छात्रों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक दुनिया की समझ प्रदान की और उन्हें भविष्य की दिशा तय करने में प्रेरित किया।

## चाकसू में 1000 महिलाओं ने 5 किलोमीटर तक निकाली ऐतिहासिक कलश यात्रा

### शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू कस्बे में अक्षय तृतीया के अवसर पर मंगलवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई। कलश यात्रा और शोभा यात्रा भव्य व ऐतिहासिक रही। कलश यात्रा में विप्र महिलाओं का उत्साह इस कदर रहा की 1000 से अधिक महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर लगभग 4 से 5 किलोमीटर का सफर पैदल तय किया। शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा को विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवारी, चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने नीलकंठ महादेव मंदिर से परशुराम जी की आरती के बाद रवाना किया। कलश यात्रा एवं शोभायात्रा नीलकंठ महादेव मंदिर से रवाना होकर कोटखावदा मोड़, मुख्य बाजार, तहसील चौराहा व हॉस्पिटल रोड होते हुए नगर पालिका के पीछे स्थित महर्षि गौतम बगीची तक पहुंची। जहां पर सभी के लिए पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में जब 1000 महिलाएं सिर पर कलश धारण किए कस्बे के प्रमुख मार्गों से निकली तो कलश यात्रा का नजारा विप्र मय हो गया। इस दौरान शोभायात्रा में भगवान परशुराम की झांकी, घोड़ी, बेंड बाजा, ध्वज व पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने भाग लिया। रास्ते भर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय व जलपान की व्यवस्था की गई। समाज के युवा हाथों में विप्र पताकाएं लहराते हुए जब भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे तो पूरा कस्बा धर्ममय हो गया। इस दौरान



शोभायात्रा मार्ग पर चाकसू एसीपी सुरेंद्र सिंह, थाना अधिकारी मनोहर लाल पुलिस कर्मियों के साथ मुस्तैद रहे। और ट्रैफिक व्यवस्थाओं में सहयोग किया। इस ऐतिहासिक शोभा यात्रा और कलश यात्रा में विप्र सेवा प्रमुख सुनील तिवारी, चाकसू विधायक रामावतार बैरवा, महेश शर्मा, विप्र सेना जिला अध्यक्ष जयपुर ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ केदार शर्मा, विधान सभा अध्यक्ष विप्र सेना युवा प्रकोष्ठ चाकसू केबी शर्मा, विप्र सेना चाकसू नगर अध्यक्ष पार्षद दिनेश शर्मा,सुनील तिवाड़ी हरिशंकर शर्मा, नारायण शर्मा, हरिकिशन शर्मा, अंकुर शर्मा राडोली, शुभम शर्मा, विपश्यना विधानसभा अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा सहित हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रेड़ा, पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांक :- 6-12 दिनांक :- 24.04.2025

**ई निविदा सूचना संख्या 01 (वित्तीय वर्ष 2025-26)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रेड़ा के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म/शर्तें कार्यालय में तथा SPPP पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क्र. सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रूपयें में) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपयें में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपयें में) | बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड शुरू करने की दिनांक व समय | प्रोसोसिंग शुल्क निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की तिथि व समय | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | ग्राम पंचायत रेड़ा के समस्त गाँवों में घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्ककरण, सड़क एवं नाली सफाई, तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 672402 | 13450 | 500 | दिनांक 26.04.2025 से सांय 06.00 बजे से दिनांक 05.05.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 05.05.2025 समय 02.00 बजे | दिनांक 05.05.2025 सांय 04.00 बजे |

निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**NIB Code :** ZCR2526A0118, **UBN is :** ZCR2526WSOB00252

प्रशासक : ग्राम पंचायत रेड़ा, पं.स. बीदासर (चूरू) ग्राम विकास अधिकारी : ग्राम पंचायत रेड़ा, पं.स. बीदासर (चूरू)

**कार्यालय ग्राम पंचायत रेड़ा, पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांक :- G.P.REDA/2025-26/E-TENDER/13-19 दिनांक :- 24.04.2025

**ई निविदा सूचना संख्या 02 /2025-26**

ग्राम पंचाय रेड़ा में वर्ष 2025-26 के लिये महात्मा गाँधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की योजनाओं के लिए निर्माण सामग्री क्रय हेतु इच्छुक विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक जो कि वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.), आयकर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत है, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | अनुमानित लागत (रूपयें) | धरोहर राशि (रूपयें) | निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क (रूपयें) | ऑनलाईन निविदा विक्रय /डाउनलोड/अपलोड करने की तिथि व समय | प्रोसोसिंग शुल्क, निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की तिथि व समय | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | रेड़ा | 7000000 | 140000 | 1500+1500 | दिनांक 26.04.2025 से सांय 06.00 बजे से दिनांक 12.05.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 12.05.2025 समय दोपहर 02.00 बजे तक | दिनांक 12.05.2025 समय सांय 04.00 बजे |

निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत रेड़ा, पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रेड़ा, पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

## पहलगाम में आतंकियों की बर्बरता के खिलाफ गीता नगर कॉलोनीवासियों का विरोध, मृतकों को दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष और मासूम नागरिकों की गोली मारकर हत्या किए जाने की बर्बर घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य कृत्य के विरोध में सोमवार को इटावा रोड स्थित गीता नगर कॉलोनी के निवासियों ने एकत्र होकर शोक सभा का आयोजन किया। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने मोमबत्तियाँ जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आतंकवाद के इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा की। उपस्थित नागरिकों ने सरकार से मांग की कि दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कठोरतम सजा दी जाए। श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय लोगों के अलावा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि ऐसे हमले देश की एकता और अखंडता को तोड़ नहीं सकते, बल्कि हमें और अधिक मजबूती से एकजुट होने की प्रेरणा देते हैं। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## झूलती विद्युत लाइन की चपेट में आने से छः मादा भैंसों की मौत



जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** विद्युत विभाग की घोर लापरवाही का खामियाजा इंसान को ही नहीं अपितु मवेशियों को भी अपनी जान देकर भुगतान पड़ता है। शनिवार को नपा क्षेत्र स्थित धोबोलाव बांध के पास उच्च क्षमता की झूलती विद्युत लाइन की चपेट में आने से पशुपालक श्योजी उर्फ रामकरण, श्योराम उर्फ उगमाराम, हरजी, मोहन की कुल छः मादा भैंस अकाल मृत्यु का शिकार हो गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि उच्च क्षमता विद्युत लाइन के झूलते तारों की शिकायत विद्युत विभाग को पूर्व में की थी लेकिन विभाग ने शिकायत पर ध्यान नहीं दिया ओर हादसा हो गया। मादा भैंसों की अकाल मृत्यु से मृतक भैंसों के पालकों के मायूसी छायी हुईं स्पष्ट नजर आ रही थी।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**

क्रमांक-न.पा.फु/2024-25/30 दिनांक- 7-04-25

**आपत्ति सूचना**

एतद्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र मे अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा नामान्तरण / फोति नामान्तरण, हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | स्थान | मूल पटटाधारक | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रेखा कंवर पत्नी श्री महेन्द्र सिंह | आवासीय भूखण्ड नं. 04 वाके सैन वाटिका, अनुविहार वी कॉलोनी जोवनेर रोड फुलेरा | श्री अशोक कुमार पुत्र स्व. श्री भवंर लाल सैनी | 166.66 | नामान्तरण |

किसी भी व्यक्ति को निम्नाकिंत ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्त्ता को प्रस्तुत करावे बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**

क्रमांक-न.पा.फु/2024-25/3234 दिनांक- 3-02-25

**आपत्ति सूचना**

एतद्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र मे अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा नामान्तरण / फोति नामान्तरण, हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | स्थान | मूल पटटाधारक | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती कल्पना पत्नी श्री पप्पू, श्री सुमित कुमार, श्री अमित कुमार, सुश्री शालू मालावत, सुश्री सारिका पुत्री श्री पप्पू | आवासीय भूखण्ड वाके सांसी बस्ती, जोबनेर रोड फुलेरा | श्री भगोत्या पुत्र लाखा सांसी | 100.00 | फोती नामान्तरण |

किसी भी व्यक्ति को निम्नाकिंत ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्त्ता को प्रस्तुत करावे बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

**कार्यालय ग्राम पंचायत डूंगा की नांगल पं.स. पाटन (सीकर)**

क्रमांक- ग्रापं / 2025 / दिनांक 28.04.2025

**ई-निविदा/ खुली बोली सूचना /02 /2025-26**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2025-26 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 09.05.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2526WSRC00014

विकास अधिकारी
ग्रा.पं. डूंगा की नांगल

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार 30 अप्रेल, 2025



सरदारशहर



सरदारशहर



खेतड़ी



नरैना



सवाई माधोपुर



मण्डावा

# भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया, धार्मिक आयोजनों की रही धूम

जयपुर टाईम्स

**जयपुर** सांगानेर डिग्गी रोड स्थित विश्वास पब्लिक सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्कूल के डायरेक्टर डॉ विष्णु दत्त व्यास ने बताया कि शिविर का शुभारंभ सांगानेर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। इस आयोजन में प्रियंका हॉस्पिटल के प्रमुख चिकित्सकों की टीम ने भाग लिया और सैकड़ों विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र जांच, जांच सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। स्कूल के डायरेक्टर ने बताया कि परशुराम जयंती को सामाजिक सेवा से जोड़ने का उद्देश्य जनकल्याण है। इस मौके पर बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष व्याख्यान भी आयोजित किया गया। चिकित्सकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी आयोजन की सराहना की और इसे प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर स्कूल परिवार के सदस्य अनीता शर्मा, टीना, रचना, तनु, रामस्वरूप सैनी एवं आचार्य महेंद्र पाराशर उपस्थित रहे।

**सरदारशहर** शहर में भगवान श्री परशुराम जयंती समारोह श्रीं छ न्याति ब्राह्मण महासंघ व राजस्थान ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में श्री वेद वेदांग ऋषिकुल ब्रह्मचर्यश्रम में धूमधाम से मनाई गई। संस्था की ओर से प्राकट्य दिवस के पूर्व संध्या पर भव्य 251 सुंदरकांड पाठ का आयोजन रखा गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की ओर से श्रद्धा, भक्ति और भव्यता से प्रभु का गुणगान किया। आयोजन स्थल ऋषिकुल ब्रह्मचर्यश्रम में विविध धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से भगवान परशुराम के जीवन आदर्शों का स्मरण किया गया। विद्वान आचार्यों की ओर से भगवान परशुराम के संस्मरण सभी के साथ साझा किए। आचार्य श्री ने बताया भगवान परशुराम विष्णु जी के छठे अवतार थे। जिन्होंने जनकल्याण एवं परोपकार के लिए अनेक कार्य कर धर्मार्थ का संदेश दिया। समस्त विप्र समाज को उनका अनुसरण करते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मिलकर भगवान परशुराम की महिमा का गुणगान किया। मधुर भजनों की स्वर लहरियों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में डूब गए। कार्यक्रम में दूसरे दिन मंगलवार को ऋषिकुल आश्रम में गौ माता हेतु हरे चारे का वितरण किया गया। संस्था की ओर से इस अवसर पर एक गाड़ी पिकअप हरा चारा गौ माता के निमित्त भेंट किया गया। तत्पश्चात आचार्य रामदेव शर्मा के पावन सान्निध्य में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना विधिवत हवन व पाठ के साथ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान परशुरामजी का आशीर्वाद लेकर आहुति अर्पित कर धर्म, सत्य और समाज सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। संस्था के अध्यक्ष शम्भू दयाल पांडिया ने बताया भगवान परशुराम के आदर्शों में धर्म रक्षा, सामाजिक न्याय, और सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा को आज के समय में भी प्रासंगिक बताते हुए सभी को उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। परशुराम जयंती के उपलक्ष पर ऋषिकुल आश्रम में विप्र बटुक विद्यार्थियों के लिए प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक पारीक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष शंभू दयाल पांडिया, संरक्षक मुखराम नाथोलिया, श्यामलाल गिल, रमेश गौड़, नवलकिशोर शर्मा, महेंद्र देरासरी, ओमप्रकाश तिवाड़ी, मांगीलाल नाथोलिया, प्रदीप दीक्षित, मुरलीधर शर्मा, शंकरलाल उपाध्याय, उपाध्यक्ष सुरेश लाटा, मंत्री अश्विनी शर्मा, कमल शर्मा, महेंद्र शर्मा सहित अनेक विप्र बन्धुओं की उपस्थित रहे।

**सरदारशहर** विप्र फाउंडेशन की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय धर्म, संस्कृति व सेवा से जुड़े कार्यक्रम के तहत भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव सवाई छोटी श्री खेतेश्वर वैदिक गुरुकुल में स्कूल के विद्यार्थियों के साथ बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्री परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलन व स्तुति पूजा अर्चना कर भगवान परशुराम जी से सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण अर्जुन संवाद व भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिए दिव्य सन्देश पर गुरुकुल के भैया बहिनों से रोचक संवाद हुआ। तहसील अध्यक्ष वैद्य महेन्द्र शर्मा ने बच्चों को देश भक्ति गीत, धर्म के लिए व समाज के लिए निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। ये धड़कने ये श्वास हो पुण्य भूमि के लिए गीत का अभ्यास करवाया। अपने उद्बोधन में कहा की अष्टादस पुराणेषु ब्यासस्य वचनम द्वयं, परोपकाराय पुण्याय पापाय पर पिडनम अठारह पुराणों में व्यास जी ने दो ही मुख्य बात कही है। परोपकार के समान पुण्य नही है और दुसरों को पीड़ा पहुंचाने के बराबर कोई पाप नही है। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित जयपुर से वर्चुअल भावपूर्ण प्रेरणादायक सन्देश के साथ सभी को शुभकामनायें दी। आयोजन में विप्र फाउंडेशन के तहसील महामंत्री राजकुमार गौड़, कोषाध्यक्ष शुभकरण पारीक, नगर कोषाध्यक्ष नरेन्द्रसिंह राजपुरोहित, पंडित कैलाश चौमाल, लक्ष्मीनारायण राजपुरोहित, रधुनाथसिंह राजपुरोहित, जगदीश सिंह राजपुरोहित, उदयसिंह राजपुरोहित, भगवती सिंह राजपुरोहित, प्रवीण सिंह राजपुरोहित, पुखराज सिंह राजपुरोहित के साथ विद्यालय संचालन समिति के सदस्य व ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। इस अवसर विप्र फाउंडेशन की ओर से सभी को प्रसाद वितरण किया गया। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन के मिडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

**खेतड़ी** कस्बे के ब्राह्मण समाज भवन में मंगलवार को भगवान परशुराम का जयंती उत्सव सादगी पूर्वक मनाया गया। विप्र बंधुओं ने मंगल आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पूजा कर मंत्रोच्चारण किया गया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद समाज की ओर से इस बार परशुराम जयंती उत्सव सादगी पूर्वक मनाने का निर्णय लिया था। जिसके चलते इस बार शोभायात्रा व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रदीप सुरोलिया ने कहा कि भगवान परशुराम ने विष्णु को अवतार लेकर सृष्टि को बचाने का काम किया था। आज उनके आदर्शों को अपना कर ब्राह्मण समाज आगे बढ़ रहा है। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म एवं संस्कृति को बनाए रखने के लिए हिंदू धर्म में अनेक संत और महात्मा हुए।जिन्होंने आमजन व विश्व के कल्याण के लिए अपना अहम योगदान दिया है। विश्व जन कल्याण की कामना करते हुए भगवान परशुराम से आराधना की गई है। भगवान परशुराम एक महान ऋषि हुए, जिन्होंने अपनी तपस्या से मनुष्य के हित में अनेक कार्य किए, जिनको लेकर उन्हें याद किया जाता है। परशुराम जयंती पर समाज के लोगों को एकता बनाए रखने का संदेश देते हुए जन जन के लिए समर्पित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस दौरान समाज के लोगों की ओर से गायों को हरी सब्जियां व चारा खिलाकर उनकी नित्य सेवा करने का प्रण लिया गया। इस मौके पर राधेश्याम शर्मा सिहोड़, जितेंद्र शर्मा, अमरचंद शर्मा, पवन शर्मा, वासूदेव तिवाड़ी, नंदकिशोर, ज्योति भारद्वाज सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**नरैना** भगवान परशुराम जयंती के अवसर विप्र बंधुओ ने भव्य शोभायात्रा निकाली। विप्र समाज के सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा बस स्टैंड स्थित ब्रह्म समाज की धर्मशाला के सामने से भगवान परशुराम की जीवंत झांकी व सुगंधित पुष्पों से सजी सचित्र झांकी के साथ बैंड-बाजे की भक्तिमय मधुर स्वरलहरियों के साथ कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई बाग वाले बालाजी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। वहीं शोभायात्रा के शुभारंभ से पूर्व पालिका अध्यक्ष सावित्री देवी स्वामी व विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ पुखराज हिन्दू की तरफ से चाय जलेबी के अल्पाहार सहित शोभायात्रा में शामिल विप्र बंधुओ के लिए जगह-जगह अन्य सनातनियों द्वारा जलपान व अन्य पेय पदार्थो की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा में शामिल ज्यादातर पुरुष श्वेत रंग के कुर्ता-पायजामा पहने व गले में पीतांबर दुपट्टा लगायें चल रहे थे। शोभायात्रा में विप्र समाज की मातृशक्ति ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा के बाग वाले बालाजी मंदिर पहुंचने के बाद महाआरती का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

**सवाई माधोपुर** में परशुराम जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।जहां परशुराम मंदिर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया । जिसमें सैकड़ो की तादाद में महिला पुरुष भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए शामिल हुवे । शोभायात्रा बजरिया के मुख्य मार्ग से होकर गुजरी । जहां शोभायात्रा का नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया ।शोभायात्रा में जीवंत झांकियां लोगों के आकर्षण का खासा केंद्र बिंदु बनी रही। शोभा यात्रा में शामिल महिला पुरुष सामूहिक रूप से लगातार नृत्य की प्रस्तुतिया देते रहे। शोभायात्रा का शुभारंभ तथा समापन परशुराम मंदिर पर ही हुआ। शोभायात्रा के समापन अवसर पर महा आरती का आयोजन हुआ। इसके बाद सभी लोगों को प्रसादी वितरित की गई

**मण्डावा** शहर के निकटवर्ती ग्राम चूड़ी अजीतगढ़ स्थित परशुराम भवन में मंगलवार को विप्र मण्डल चूड़ी अजीतगढ़ के तत्वावधान में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव दीनदयाल पीपलवा की अध्यक्षता में मनाया गया जिसमें विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ सुशील शर्मा, प्रभुदयाल शर्मा, देवीदत्त शर्मा, मोतीलाल पीपलवा, रामस्वरूप गौड, आत्माराम मटोलिया मंचासीन अतिथि थे द्य कार्यक्रम का संचालन सुनील पांडे ने किया। इससे पहले प्रातः पंडित विमल शर्मा व पंडित गिरधारी लाल शर्मा के आचार्यत्व में पूजन का कार्यक्रम संपन्न करवाया गया। बाद में सभी सदस्यों की ओर से संगीतमय सुंदरकांड के पाठ व आरती की गई। इस अवसर पर गिरिराज खांडल, विनोद रावण, संतोष शर्मा, घनश्याम शर्मा, देवानंद, कैलाश पीपलवा, विकास खांडल, लोकनाथ शर्मा, एडवोकेट शशिकांत खांडल, सुरेश कुमार, राजकुमार मनिका, रविकांत, सुरेंद्र सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक व भारी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# मीठवास में कपड़ा कारोबारी का बेटा स्विमिंग पूल में डूबा

## शादी में हल्दी की रस्म के दौरान हादसा

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कपड़ा व्यवसायी के 6 साल के बेटे की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। परिवार ने शादी समारोह के लिए होटल बुक किया था। यहां हल्दी की रस्म के दौरान परिवार व्यस्त था, इसी दौरान बच्चा खेलते हुए पूल के पास चला गया। काफी देर तक नहीं मिला तो परिजनों ने पूल की तरफ देखा तो उनके होश उड़ गए। बच्चा पूल में पानी की सतह पर नजर आया। मामला मंगलवार का झुंझुनूं के मंडावा कस्बे का सारा विलास रिसॉर्ट का है। मंडावा एसएचओ रामनिवास ने बताया कि रिसॉर्ट के पूल में डूबने से चार्विक टीबड़ा (6) हेमंत टीबड़ा निवासी वार्ड नंबर 29 झुंझुनूं की डूबने से मौत हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थे। परिजनों ने बताया किसारा विलास रिसॉर्ट में शादी समारोह चल रहा था और इसी दौरान बच्चा स्विमिंग पूल के पास चला गया, जहां वह गिरने से डूब गया। हालांकि, अभी तक परिजनों की ओर से किसी प्रकार की शिकायत या रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। यदि शिकायत मिलती है, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, ओमप्रकाश टीबड़ा की पोती की शादी का कार्यक्रम मंडावा की मुकुंदगढ़ रोड स्थित होटल सारा विलास में चल रहा था। बच्चा चार्विक परिवार संग शादी में आया था। उसके पिता हेमंत टीबड़ा झुंझुनूं में कपड़ा कारोबारी हैं।



### हल्दी की रस्म के दौरान हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, शादी की रस्में मंगलवार को पूरे दिन से चल रही थी। रात को शादी होनी थी। इससे पहले मेहंदी की रस्म चल रही थी। इसी दौरान चार्विक खेलते हुए अकेला स्विमिंग पूल की तरफ चला गया। होटल में हल्दी की रस्म के दौरान कार्यक्रम में व्यस्त परिजनों ने चार्विक को ढूंढा तो वह नहीं मिला। इसी दौरान किसी ने पूल की ओर देखा तो बच्चा पानी की सतह पर नजर आया। उसे अचेत अवस्था में पूल से बाहर निकाला गया। इसके बाद तुरंत मंडावा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई और झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल रेफर कर दिया। झुंझुनूं में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे का शव बीडीके अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि स्विमिंग पूल के पास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और न ही किसी होटल कर्मचारी ने उस ओर ध्यान दिया। बच्चा किसी तरह फिसल कर पूल में गिर गया और कुछ देर में ही वह डूब गया।

# नंगली सलेदी सिंह में रामदेव मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा, महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

जयपुर टाइम्स



**खेतड़ी(निस)।** उपखंड के नंगली सलेदी सिंह गांव में बाबा रामदेव की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी मनोज घुमरिया की ओर से मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस महिलाओं ने गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। पंडित शंकर लाल शर्मा ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर हवन किया। भूपेंद्र सिंह शेखावत, श्रीपाल सिंह ने बताया कि मनोज घुमरिया ने नंगली सलेदी सिंह में पिछले दो वर्षों से मंदिर निर्माण कार्य स्वयं के खर्च से शुरू करवाया था। घुमरिया की ओर से बाबा रामदेव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई है। मनोज घुमरिया ने कहा कि पीरों के पीर बाबा रामसापीर ने अपने जीवन काल में सर्व समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों को दूर कर सभी लोगों को एकजुटता का संदेश दिया। हम सब को बाबा रामदेव के दिए हुए संदेश को अपनाना चाहिए। इस दौरान ग्रामीणों ने मनोज घुमरिया को साफा व माला पहना कर सम्मान किया। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन हुआ। नवनिर्मित मंदिर से महिलाओं ने कलश यात्रा का शुभारंभ किया। मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए मंदिर में आकर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान रास्ते में फूल वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान श्रीपाल सिंह, भुपेंद्र सिंह, कप्तान खेमचंद यादव, सत्यनारायण सेन, जमालुद्दीन भाटी, दाताराम तुनवाल, जंगशेर अली, बनवारी लाल, रोहितास चोपड़ा, दलीप सिंह, श्रवन कुमार, दुर्गा प्रसाद महाजन, घनश्याम जांगिड़, उमेद सिंह शेखावत, पप्पू सिंह बड़ाऊ, पितराम बोराण, रमेश मेघवाल, प्रदीप जांगिड़, बाबूलाल भाटी, आरिफ भाटी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# करणी कृपा स्कूल मंडावा के मयंक बुडानियां ने लहराया परचम

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** फतेहपुर रोड़ स्थित करणी कृपा शिक्षण संस्थान के छात्र मयंक बुडानिया ने छठी राष्ट्रीय सब जुनियर मिक्स्ड नेटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम से खेलते हुए अपनी टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। यह उपलब्धि करणी कृपा स्कूल मंडावा और राजस्थान के लिए ऐतिहासिक है। संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशांत ने बताया कि झारखंड के रांची स्थित जयपालसिंह मुंडा स्डेडियम में 26 से 28 अप्रेल तक आयोजित इस प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम को पछाडते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस खेल प्रतियोगिता में 600 खिलाड़ियों व पदाधिकारियों ने भाग लिया। डॉ. दिशान्त ने बताया कि मयंक बुडानियां ने अपनी खेल प्रतिभा व संस्था के उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के दम पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हुए अपनी टीम को सभी मैचो में जीत दिलाई। मयंक की उपलब्धि पर मंडावा सहित पूरे राजस्थान में खुशी की लहर है। मंडावा के लोग अपने बेटे की उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे है और उसके भव्य स्वागत की तैयारी कर रहे है। संस्था निदेशक गणेशसिंह शेखावत ने बताया कि मंयक की सफलता की नींव करणी कृपा शिक्षण संस्थान मंडावा में ही बुलंद हुई है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
30 अप्रेल, 2025

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विभिन्न समस्याओं का समाधान करने का दिया आश्वासन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू उदयपुरवाटी(निस)।** उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मंगलवार को उदयपुरवाटी के नजदीक इंद्रपुरा गांव में एक आयुर्वेद औषधालय का उद्घाटन किया। यह औषधालय विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा की ओर से निर्मित किया गया है। इंद्रपुरा स्थित बीकेएसएस शिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि शेखावाटी में यमुना का पानी लाने के लिए मुख्यमंत्री निरंतर प्रयासरत हैं। दीया कुमारी ने बताया कि दो दिन बाद वे खाटूश्यामजी में एक परियोजना के लिए आएंगी। केंद्र सरकार की सहायता से 80 करोड़ रुपए की यह परियोजना क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने शाकंभरी माताजी, खाटूश्यामजी और सालासर बालाजी जैसे धार्मिक स्थलों के विकास की योजना की भी जानकारी दी।



## उदयपुरवाटी से श्रीमाधोपुर फोरलेन सड़क का प्रस्ताव तैयार होगा

उप मुख्यमंत्री ने उदयपुरवाटी से श्रीमाधोपुर फोरलेन सड़क के प्रस्ताव को शीघ्र तैयार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में ही आयुष मंत्रालय का गठन किया था। कोविड काल में आयुर्वेद का महत्व स्पष्ट रूप से सामने आया। क्षेत्र के पर्यटन विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उनका उद्देश्य है कि परियोजनाएं अगले 50 वर्षों तक प्रभावी रहें। उन्होंने इंद्रपुरा में दो किलोमीटर सड़क निर्माण की घोषणा की और इंद्रपुरा पंचायत को उदयपुरवाटी नगरपालिका में शामिल करने के प्रस्ताव पर विचार का आश्वासन दिया। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व आरपीएससी सदस्य शिवपाल सिंह नांगल, डॉ. लोकेश सिंह शेखावत, विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा, जयदेव सैनी आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर प्रधान माया गुर्जर, वीरपाल सिंह शेखावत, संपत बेनीवाल, प्रियंका राठौड़, भाजपा नेता यतेंद्र सैनी, पार्षद सीताराम जांगिड़, पार्षद घनश्याम स्वामी, चेयरमैन रामनिवास सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, तेजस छीपा, संदीप सोनी, दिनेश सैनी, राधेश्याम रचेता, पूर्व मंडल अध्यक्ष मदनलाल सैनी, विक्रम सिंह गौड़, राघवेंद्र सिंह डूंडलोद, अंगदसिंह मंडावा, डॉ. जितेंद्र स्वामी, लक्ष्मीनारायण बड़ीवाल, डॉ. मंजू शेखावत, ओमकंवर, रतनलाल जाट धोलाखेड़ा, मदनलाल खैरवा, डॉ. महेश शर्मा किशोरपुरा, बजरंगद ल संयोजक सुशील सैनी आदि मौजूद रहे। ग्रामीणों ने समस्याओं का समाधान कराने के लिए ज्ञापन सौंपे।

## नेत्रदान से दो नेत्रहीन की जिंदगी में होता हैं उजाला

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** मांगीदेवी सिंघी पत्नी गोविंदराम सिंघी का निधन सोमवार को सांयकाल हो गया। लेकिन उनके पति गोविंदराम सिंघी ने गम भुलाकर नेत्रहीनों के लिए अपनी पत्नी की आंख का दान कर अंधता के शिकार लोगों को रोशनी देने का सराहनीय पहल करते हुए पुन्य का काम किया। उन्होंने व उनके पुत्रों रोहित व रजत की सहमति पर तेरापंथ युवक परिषद श्रीडूंगरगढ़ ने सरदारशहर नेत्र संग्रह केन्द्र को सूचना दी। केन्द्र के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत एवं डॉ रविन्द्र कुमार ने श्रीडूंगरगढ़ जाकर नेत्र संग्रह किया। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर मुख्यालय सरदारशहर स्थित नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि 30 जनवरी को शुरू हुए केन्द्र में यह आठवां नेत्रदान हुआ है। उल्लेखनीय है कि श्रीडूंगरगढ़ में यह चौथा नेत्रदान है। गांविमं के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, आयुर्वेद विश्व भारती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार व तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष लोकेश सेठिया ने सिंघी परिवार का आभार व्यक्त किया है।

## नगरपरिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान आज से

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में नगरपरिषद क्षेत्र में लगातार बढ़ते अतिक्रमण के बाद शहरवासियों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन एक बार फिर नगरपरिषद की ओर से 30 अप्रैल से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शहर में लगातार वाहनों की बढ़ती संख्या और बढ़ती भीड़ को देखते हुए नगरपरिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि राजवाला कुआं से रोडवेज बस स्टैंड तक और 5 भाई चौक से सूर्य मंदिर तक अतिक्रमण हटाया जाएगा और इन सड़कों को चौड़ा करके शहर के इन मार्गों को सुलभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को लेकर एंबुलेंस अस्पताल तक जाती है तो इस दौरान काफी समय लग जाता है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के वक्त पुलिस प्रशासन का भी सहयोग मांगा गया है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि शहर के विकास के लिए हमारा सहयोग करें। जिन्होंने भी अतिक्रमण किया है वह खुद ही अपना अतिक्रमण हटा लें। अगर कोई भी अतिक्रमण पट्टो में आता है तो उससे संबंधित कागजात वह नगरपरिषद में पेश करें अन्यथा नुकसान की जिम्मेदारी खुद की होगी। उसके बाद रेलवे स्टेशन, शिव मार्केट, लेडिज मार्केट आदि जगहों से भी अतिक्रमण हटाकर मार्गो को चौड़ा करने का कार्य किया जाएगा।

## अवैध कब्जा, अतिक्रमण हटाने की मांग, तहसीलदार को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के निकटवर्ती गाँव गोगटिया चारणान के ग्रामीणों ने गाँव के पास खाली गौचर, जोहड़ व स्कूल की भूमि पर ग्रामीणों की ओर से किए गए अतिक्रमण व अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर तहसीलदार शुभम शर्मा को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक गाँव से अतिक्रमण नहीं हटेगा तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। तहसीलदार ने सरपंच से फोन पर बात कर जल्दी से जल्दी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर श्योराम, लालचंद, शंकरलाल घासोलिया, रामकरण नोखवाल, दीपाराम, जयसिंह, हंसराज, हरदतराम, तिलोकचंद, पवन कुमार, अमित, रामानंद, दशरथ आईतान, सुरेन्द्र, केशराराम गुरी सहित गाँव के काफी लोग मौजूद रहें।

## चूरू सब जूनियर वुशू टीम का चयन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** 2 से 5 मई को बीकानेर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता के लिए चूरू का चयन किया गया। चूरू वुशू सचिव चिंकित शर्मा ने बताया कि इस चयन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सुरभि, अंशिका, पलक, तनवी दाधीच और तनिष्का शर्मा व बालक वर्ग में कार्तिक सिंह, नवदीप, दक्ष शर्मा, हर्षित भार्गव और अनुराग का शारीरिक शिक्षक सरला शर्मा की ओर से चयन किया गया। यह चयन किया गया। शर्मा ने बताया कि ये सभी खिलाड़ी 2 से 5 मई को बीकानेर में होने वाली राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में चूरू का प्रतिनिधित्व टीम कोच सरला शर्मा और टीम मैनेजर सुशील कुमार दधीचि के नेतृत्व में भाग लेंगे।

## नानूवाली बावड़ी में सड़क का निर्माण कार्य बना आमजन के लिए परेशानी

### गांव का रास्ता बंद होने से पांच किलोमीटर की दूरी से पड़ रहा है आना

जयपुर टाइम्स



**खेतड़ी(निस)।** कस्बे में पिछले काफी समय से चल रहा स्टेट हाईवे का निर्माण कार्य आमजन के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। नानूवाली बावड़ी में गांव का रास्ता बंद हो जाने से लोगों को पांच किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही होने से व्यापारियों को भी नुकसान हो रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सैनी ने बताया की ठेका कंपनी की ओर से लोगों को परेशानी को ध्यान में ना रखते हुए कार्य किया जा रहा है। सड़क की खुदाई कर देने से नानुवाली बावड़ी के गांव में जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो गया है, जिसकी वजह से लोगों को पांच किलोमीटर का चक्कर लगाकर नानुवाली बावड़ी आना पड़ रहा है। ठेका कंपनी ने रोड की खुदाई करके उसको प्लान नहीं किया और ना ही पानी छिड़का जाता है। दिनभर सड़क से धूल के गुब्बार उठने से दुकानदारों के पूरे दिन मिट्टी दुकानों के अंदर जाती है। वहीं दिनभर सड़क पर जाम का आलम बना रहता है। ठेका कंपनी बिना मैनेजमेंट के कार्य कर रही है, जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। सड़क का निर्माण कार्य एक साइड का सुचारू करके फिर काम करना चाहिए। सोमवार को भी जाम लग जाने से एम्बुलेंस और गाड़ियों को दो घंटे तक जाम का सामना करना पड़ा। व्यापार मंडल के लोगों ने बताया कि अगर ठेका कंपनी कार्य सही नहीं करती है तो उनकी ओर से विरोध किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने ठेका कंपनी से सड़क निर्माण के दौरान पानी का छिड़काव करवाने, एक साइड का रास्ता सुचारू रूप से चालू करने की मांग की। इस मौके पर राम अवतार सैनी, बद्री प्रसाद सैनी, जेपी सैनी, राजेश सैनी, निक्कू सैनी, सुरेश सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम ने ली कोतवाली थाने में सीएलजी की बैठक



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय कोतवाली थाना परिसर में शांति व सद्भावना समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जन समस्याओं को सुनते हुए उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि नए बस स्टेंड के शुरू होने से शहर में यातायात व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है और जो भी जनता को नए बस स्टेंड को लेकर दिक्कतें आ रही हैं, उनका धीरे-धीरे समाधान किया जाएगा। डीएसपी दरजाराम बोस ने कहा कि सभी स्थानीय लोग सहयोग करेंगे, तभी बड़े जनहित के काम पूरे हो पाते हैं। डीएसपी ने व्यापारियों से अपील की कि सभी व्यापारी अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर कैमरे जरूर लगवाए, ताकि अपराधों पर लगाम लगाने में सहायता मिल सके। उपखंड अधिकारी ने कहा कि हमारे क्षेत्र में सभी त्यौहार सामाजिक सद्भाव के साथ मनाए जाते हैं, ये काफी अच्छी बात है। इस अवसर पर सीआई बैगाराम मीणा भी मौजूद रहे। मीटिंग में नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, दिनेश तंवर, श्याम स्वर्णकार, जगदीश नाथ, कोमल गौड, विनोद खटीक, रामनिवास बुगलिया, पवन चितलंगिया, रफीक खिची, पुरुषोत्तम शर्मा, सिकंदर अली खिलजी, मुकुल मिश्रा, गंगाधर लाखन, इकबाल खान, अनिल मिश्रा, जाकिर क्याल, मोहम्मद असलम मौलानी, राजकुमार प्रजापत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग, कार्यकर्ताओ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** तहसील के आरएलपी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर आरएलपी के तहसील अध्यक्ष सांवरमल जाखड़ ने बताया कि आरएलपी पार्टी के अध्यक्ष व सांसद हनुमान बेनीवाल को लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही है और कई बार जानलेवा हमला करने का प्रयास भी किया जा चुका है। वर्तमान के सुरक्षा एजेंसियों की ओर से हनुमान बेनीवाल पर हमले के इनपुट राज्य सरकार को दिए हैं। जिससे स्पष्ट होता है कि हनुमान बेनीवाल को कभी भी निशाना बनाया जा सकता है और उनके साथ कोई भी अनहोनी घटना होने की संभावना बनी हुई है। ज्ञापन में बताया कि हनुमान बेनीवाल एक सामाजिक और राजनीतिक व्यक्ति हैं। जिनको हर समय जनता के बीच जाना होता है और जनसंपर्क करना पड़ता है। जिस दौरान किसी भी तरह की लापरवाही उनके जीवन के लिए खतरा पैदा कर सकती है। इसलिए उनकी जान माल की सुरक्षा उच्च स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जानी राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसलिए आरएलपी के अध्यक्ष व सांसद हनुमान बेनीवाल को तुरंत प्रभाव से जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाए ताकि उनके जीवन की सुरक्षा हो सके। इस अवसर पर सांवरमल जाखड़, नौरंगलाल, हरिराम, मामराज, शिव चौधरी, शंकरलाल कड़वासरा, राकेश चौधरी, ओमकार बाली सहित आरएलपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीवरेज के रखरखाव व उपयोग की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** शहर में चल रही सीवरेज परियोजना अंतिम अपने चरण में है। सीवरेज के रखरखाव व उपयोग की लोगों को घर-घर जाकर जानकारी दी जा रही है। कार्यकारी एजेंसी आरयूआईडीपी के एक्सईएन आरडी गर्ग के निर्देशन में शहर के जोन चार के वार्ड संख्या 30, 31, 33, 34, 35, 36, 41 व 42 में घरेलू सीवरेज कनेक्शन का कार्य चल रहा है। चल रहे कार्य के दौरान जनसहभागिता इकाई के प्रवीणसिंह राठौड़, कविता स्वामी व काजल सांखला ने मंगलवार को घर-घर संपर्क व समूह बैठक के माध्यम से घरेलू सीवरेज कनेक्शन के बारे में लोगों को जानकारी दी। लोगों को बताया जा रहा है कि घरेलू सीवरेज कनेक्शन निशुल्क किए जा रहे हैं। घर में जितने भी स्नानघर, रसोई, शौचालय सभी की नालियों को जोड़ा जाएगा तथा घर के वर्षाति पानी के पाइप लाइनों को इस योजना से नहीं जोड़ा जाएगा। संपर्क के दौरान पंपलेट वितरण एवं सीवरेज कनेक्शन के लाभ व उपयोग के बारे में लोगों को बताया जा रहा है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर टोल फ्री नंबरों पर शिकायत कर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं और सीवरेज से जुड़ने वाली नालियों पर जाली जरूर लगाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## कथा में सुनाया कृष्ण सुदामा मित्रता प्रसंग

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के टांटिया अस्पताल के पीछे वार्ड 5 घंटियालिया बास में सांखला परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को कथा के समापन पर नोखा की कथा वाचक मोनिका पारीक ने कृष्ण सुदामा मित्रता के प्रश्न सुनाए। कथा वाचक ने कहा कि सुदामा से भगवान ने मित्रता का धर्म निभाया और दुनिया के सामने यह संदेश दिया कि जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। राजा हो या रंक मित्रता में सभी समान हैं और इसमें कोई भेदभाव नहीं होता। कथावाचक ने सुदामा चरित्र का भावपूर्ण सरल शब्दों में वर्णन किया कि उपस्थित लोग भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान व वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। कथा के शुभारम्भ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना मुख्य यजमान रामेश्वर लाल, केशरमल सांखला, कमल माली, पार्षद ललित माली, चिरंजीलाल सैनी, रमेश, अनिल, हेमराज ने की। इस अवसर पर शिक्षक घनश्यामलाल शर्मा भाजपा नेता कमल दाधीच, जयश्री दाधीच, पार्षद बेगराज नाई, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिव कुमार टांटिया, राजू राठी, पुजारी उम्मेद शर्मा, लक्ष्मीनारायण टाक, डूंगरमल सांखला, बजरंग लाल, खडोलिया, जितेंद्र जांगिड़, लालचंद सांखला, श्रवण कुमार टाक आदि उपस्थित रहे।

## चूरू में विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। सदर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। ससुराल पक्ष उसे पहले डीबी अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां से उसे बीकानेर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बिहार के पूरेना निवासी राम समूझ भगत की बेटी सुमन (30) की शादी 2019 में ढाणी लक्ष्मणसिंहपुरा हाल ओम कॉलोनी, चूरू निवासी किशन जाट से हुई थी। दो बच्चों की मां सुमन की मौत की सूचना मिलने पर पिता रविवार देर शाम चूरू पहुंचे। उन्होंने बेटी की मौत पर संदेह जताते हुए मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम की मांग की। सदर थाना अधिकारी बलवंत सिंह के अनुसार पीहर पक्ष की रिपोर्ट के बाद शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया। सोमवार दोपहर कार्यवाहक एसडीएम साक्षी पूरी ने अस्पताल पहुंचकर पीहर पक्ष से घटना की जानकारी ली। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## युवती ने करवाया दुष्कर्म का मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** रतनगढ़ में अपने घर से मदरसा पढ़ाने के लिए निकली 23 वर्षीय युवती का चार लोगों ने अपहरण कर लिया और नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। युवती की रिपोर्ट पर सोमवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि शहर के एक वार्ड की रहने वाली 23 वर्षीय युवती की ओर से दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि वह 10 फरवरी की सुबह घर से मदरसा पढ़ाने के लिए जा रही थी। इस दौरान रतनगढ़ निवासी अब्दुल रहमान, रामगढ़ निवासी अफरान, रिहान व मंडावा निवासी समीर शेख डीआई गाड़ी लेकर आए और उसे डरा-धमकाकर गाड़ी में बैठा लिया। प्यास लगने पर इन लोगों ने पानी में कुछ मिलाकर उसे पिला दिया, जिससे उसका दिमाग काम करना बंद कर दिया। रात्रि में जब आंख खुली, तो वह एक कमरे में बंद थी और अब्दुल सहित उसके साथी वहां पर मौजूद थे। ये लोग उसे नशीला पदार्थ पिलाते और उसके हस्ताक्षर भी करवा लिए। इस दौरान अब्दुल ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को भी अंजाम दिया। आरोपी उसे मुंबई भी ले गया, जहां एक कमरे में बंद रखा। 25 अप्रैल तक आरोपी उसके साथ नशे की हालत में दुष्कर्म करता रहा। तबियत खराब होने पर वह कमरे से बाहर लेकर आया। इस दौरान युवती की तलाश करते हुए परिजन भी मौके पर पहुंचे, तो युवती ने अपने पिता व भाई को आपबीत्ती बताई। युवती ने रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि आरोपियों ने नशे की हालत में उसका एक वीडियो बनाकर वायरल किया है, जिसमें वह स्वयं मर्जी से आना बता रही है, जो कि उसे डरा-धमकाकर बनाया गया था और इन लोगों ने उसकी सोने की चैन भी निकाल ली। उक्त घटना में आरोपी अब्दुल की मां, चाचा व बुआ ने भी उसका साथ दिया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सालासर बालाजी के किए दर्शन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मंगलवार को सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की और देश - प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष प्रकाश पुजारी, यशोदा नंदन पुजारी, मनोज पुजारी, जीतमल पुजारी, अजय पुजारी आदि ने राज्यपाल को पूजा अर्चना करवाई और बालाजी का चित्र व दुपट्टा भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, एएसपी दिनेश कुमार, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, सीओ दरजाराम, एसएचओ पुष्पेंद्र झाझड़िया, बीडीओ रवि, अजीत पाल, प्रहलाद राय, डीएसओ महिपाल सिंह, पंकज सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस से उलझना महंगा पड़ा, छह आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस से उलझने के कारण छह युवकों को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली थाना के एसआई रामशरण के अनुसार, जम्मू के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शहर में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। स्टेशन रोड स्थित एक बीयर बार की चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ करनी चाही। इस पर मैनेजर और वहां मौजूद लोग पुलिस से उलझने लगे। पुलिस की समझाइश के बावजूद वे लड़ाई-झगड़ा करने पर उतारू हो गए। पुलिस ने बीयर बार से खांसोली निवासी प्रकाश मेघवाल, मंगला कॉलोनी निवासी प्रेम कुमार, मेलुसर निवासी गुलाबसिंह पंवार और नरेश सोनगरा तथा पीथीसर निवासी सलीम खान को गिरफ्तार किया। इसी दौरान अगुना मोहल्ला में पिता से झगड़ा करने के कारण आरिफ को भी गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार युवकों का डीबी अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इसके बाद उन्हें एसडीएम के समक्ष पेश किया गया है।

## जंगली जानवर की सूचना पर वन विभाग की टीम अलर्ट

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव हुडेरा की रोही में सोमवार की शाम जंगली जानवर आने की सूचना पर वन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर आ गई। गांव के एक बच्चे ने अजीब प्रकार के जंगली जानवर आने की सूचना जब ग्रामीणों को दी, तो गांव के लोगों ने इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया, जिस पर रैंजर अश्वनी कुमार के नेतृत्व में सहायक वनपाल सुशीला सैनी, टेक्निशियन इंद्रसिंह, धर्मचंद व प्यारेलाल की टीम ने हुडेरा की रोही में लगभग चार घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन टीम को किसी भी प्रकार के जंगली जानवर के संदर्भ में जानकारी नहीं मिली। रेंजर अश्वनी कुमार ने बताया कि बालक के बताए गए स्थान पर टीम ने निरीक्षण किया, लेकिन वहां पर किसी भी प्रकार के पंजे के निशान नहीं मिले। आखिरकार टीम ने गांव हुडेरा के मंदिर से सार्वजनिक घोषणा करवाई की, कि किसी भी प्रकार का जंगली जानवर लोगों को दिखाई दे, तो वन विभाग की टीम को सूचना दे।

## भक्त प्रहलाद चरित्र और नरसिंह अवतार प्रसंग पर सुनाई कथा

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 18 स्थित पटवार घर के निकट श्रीबालाजी मंदिर प्रांगण में महिला मंडल ने श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया। जिसके तीसरे दिन मंगलवार को वृंदावन की कथावाचिक आचार्या देवी रजनीश्वरी मिश्रा ने ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई। आचार्या रजनीश्वरी मिश्रा ने कहा कि हिरना कश्यप सबको आदेश दे रहा है कि भक्त प्रह्लाद को खत्म करो, भस्म करो। लकड़ियों के चारों तरफ जल्लाद खड़े कर दिए गए। इस दौरान जब आग का भयानक जलवा हुआ, तब भक्त प्रहलाद ने इतना ही कहा अच्छा भगवान, अच्छा मेरे राम तेरी मर्जी और भक्त प्रह्लाद बच गए। नरसिह अवतार में हिरना कश्यप को मार कर भक्त प्रह्लाद को बचाया। भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें, गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें। कथा वाचिका देवी रजनीश्वरी मिश्रा ने ध्रुव व विदुर चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। कथावाचिका ने कहा कि अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है, तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए, तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते है। कथा के दौरान झांकियां भी सजाई गई। वहीं विदुर प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विदुरजी की कुटिया में भोजन करने गए और वहां केले के छिलकों का भोग स्वीकारा। इससे पहले वे दुर्योधन के महल में छप्पन भोग का त्याग कर आए थे। भगवान तो प्रेम के भूखे होते हैं और विदुर-विदुरानी ने भगवान को प्रेम से भोजन करवाया तो उन्होंने केले के छिलके भी प्रेम से खा लिए।

### बालिका छात्रावास का किया शिलान्यास

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सैनिक स्कूल झुंझुनू का किया दौरा

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को सैनिक स्कूल झुंझुनू का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सैनिक स्कूल झुंझुनू में नव निर्मित 80-बेड के बालिका छात्रावास का उद्घाटन किया तथा विद्यालय के कैडेट्स को राष्ट्र निर्माण, सेवा भावना व आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य कर्नल अनुराग महाजन, स्टाफ और कैडेट्स ने उनका भव्य स्वागत किया। अकादमिक भवन में कैडेट्स को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा मात्र एक व्यवस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने सैनिक स्कूल झुंझुनू के शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय विद्यार्थियों को एक समावेशी एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह देखकर अत्यंत गर्व होता है कि हमारे युवा कैडेट्स अभी से सेवा भावना, नैतिकता और देशभक्ति जैसे मूल्यों को आत्मसात कर रहे हैं। यह आने वाले समय में एक सशक्त भारत का आधार बनेगा।





### स्कूल का किया निरीक्षण

अपने दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया और नव निर्माणाधीन गतिविधि स्थलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया और उपमुख्यमंत्री ने आगंतुक पंजिका में हस्ताक्षर किए। इस दौरान 61 सब एरिया के डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर संदीप कुमार, सैनिक स्कूल झुंझुनू के प्राचार्य कर्नल अनुराग महाजन, झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़, भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी सहित स्कूल स्टाफ व कैडेट्स मौजूद रहे।

### बालिका छात्रावास का उद्घाटन

इस दौरान उन्होंने नव निर्मित बालिका छात्रावास का उद्घाटन किया। 80-बेड वाले इस छात्रावास को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जो बालिकाओं की शिक्षा एवं विकास को सशक्त आधार प्रदान करेगा। उद्घाटन के पश्चात उपमुख्यमंत्री ने माँ सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की और छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने इसे केवल एक भवन न मानते हुए बेटियों के समान अवसरों की दिशा में राज्य सरकार की गंभीर प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह छात्रावास महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो बेटियों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाएगा। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित गर्ल्स हॉस्टल में वृक्षारोपण भी किया।

### खेलों में उत्कृष्टता की सराहना

अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल फुटबॉल प्रतियोगिता-2025 में अंडर-17 बालिका वर्ग में विजेता बनने पर उपमुख्यमंत्री ने कैडेट्स से संवाद कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में विद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की और प्राचार्य सहित पूरे प्रशासनिक तंत्र को बधाई दी।

## वकील के परिवार को बाहर निकालने का आरोप, डीएसपी के पास पहुंचे अधिवक्ता



जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़ (नि.सं.)। स्थानीय दुलिया बास में किरायेशुदा मकान में से एक वकील के परिवार को जबरन बाहर निकाले जाने और उसके बाद पुलिस की ओर से समय मदद नहीं करने के आरोप डीएसपी के समक्ष वकीलों ने लगाए। मंगलवार की शाम को सीएलजी की बैठक खत्म होने के साथ ही वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल डीएसपी दरजाराम बोस से कोतवाली थाने में मिला और बताया कि दोपहर में एक बजकर 30 मिनट से पुलिस को लगातार फोन किए गए, लेकिन पुलिस दो घंटे बाद मौके पर पहुंची और पीड़ितों को राहत देने के बजाय ये कहा गया कि मकान मालिक तो मकान खाली करवाएगा। जबकि वकीलों का कहना था कि मकान खाली विधिवत तरीके से करवाया जाना चाहिए, गुंडे भेजकर मारपीट करके घर से बाहर निकालना कहां तक जायज है। इस पर डीएसपी दरजाराम बोस ने कहा कि आप लोग मुझे व्यक्तिगत रूप से भी ये बात बता देते, जिस पर वकीलों ने कहा कि सीआई साहब ने सुनवाई नहीं की, तभी आपको बताना पड़ रहा है। इस दौरान पीड़िता एडवोकेट प्रियंका पुत्री बनवारीलाल सोनी निवासी दुलिया बास ने भी पुलिस को दिया गया प्रार्थना पत्र दिखाते हुए कहा कि मैंने आज तक सुना था, पुलिस मदद नहीं करती, आज पिछले दो घंटे से यही देख रही हूं। उन्होंने डीएसपी को बताया कि हम लोग हम लोग घनश्याम शर्मा के मकान में किराये पर रहते हैं और वो तथा उनके 30-40 परिजन हमारे किरायेशुदा घर में आए और हमारे कमरे के ताला लगा दिया और जबकि अन्दर हमारा सारा सामान करीब 50 लाख का और 60 हजार नकद पड़े हैं। एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, एडवोकेट निर्मल सिंगोदिया, एडवोकेट करणीदान चारण, एडवाकेट सलीम खा, एडवोकेट कमल दाधीच, एडवोकेट जयश्री दाधीच आदि ने डीएसपी से मामले में कार्यवाही की मांग की। जिस पर डीएसपी ने सीआई बैगाराम मीणा से कहा कि आप अभी मौके पर जाप्ते सहित जाईये और जो भी समुचित कार्यवाही हो, कीजिये। इस दौरान अनेक लोग मौजूद रहे। शाम को सीआई बैगाराम मीणा मौके पर जाप्ते सहित कार्यवाही के लिए रवाना हो गए।

## मारपीट के परस्पर मामले दर्ज

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव चांपावासी में हुई मारपीट के परस्पर मामले मंगलवार को पुलिस में दर्ज हुए हैं। पुलिस ने दोनों ही प्रकरणों को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि चांपावासी निवासी 21 वर्षीय मीरां पुत्री सहीराम नैण ने रिपोर्ट दी कि 27 अप्रैल को मैथी खरीदने के लिए चारणवासी निवासी शंकरलाल ढाका उसके घर आया था तथा भाव तय होने के बाद रुपए एक-दो दिन में देने की बात कही। इस दौरान जब मैथी का वजन किया, तो वह 13 क्विंटल 900 ग्राम उसने बताया। जबकि 31 कट्?टों में 55-55 किलो मैथी भरी हुई थी, जिनका वजन 17 क्विंटल होता है। इस बात की उलाहना दी, तो शंकरलाल ढाका नाराज हो गया। ताऊ रामावतार नैण ने वापस मैथी भिजवाने के लिए कहा, तो वह 28 अप्रैल की सुबह 11 बजे के करीब अपने साथ देवीलाल नैण, प्रभुराम नैण, शंकरलाल नैण, ओमप्रकाश नैण निवासी चांपावासी को लेकर आया और रुपए व मैथी देने से इनकार कर दिया। गाली-गलौच करते हुए झगड़ा करने पर उतारू हो गया। युवती को उठाकर ले जाने की धमकी देने लगा। 29 अप्रैल को देवीलाल, सीताराम, शंकरलाल, चिमनाराम, बालाराम, सहीराम, अर्जुनराम, विजेंद्र, बाबूलाल एकराय होकर हाथों में लाठियां लेकर आए तथा जबरन हमारे घर में घुसकर गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इन लोगों ने युवती के साथ भी अभद्रता की। वहीं दूसरी ओर चंपावासी निवासी 59 वर्षीय चिमनाराम पुत्र कुंभाराम जाट ने रिपोर्ट दी है कि 29 अप्रैल की सुबह उसके भाई सीताराम के साथ हंसराज, भागीरथ, मीरां ने मारपीट की तथा पत्थर मारे, जिससे उसके भाई के चोट आई है। मारपीट की घटना में पाना पुत्री रामकुमार भी शामिल थी। पुलिस ने परस्पर मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई रामनिवास कर रहे हैं।

## जनसुविधाओं के लिए उपमुख्यमंत्री को करवाया अवगत

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को झुंझुनू के एकदिवसीय दौरे पर थी। इस दौरान उदयपुरवाटी में भाजपा नेता विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा के उदयपुरवाटी स्थिति इंद्रपुरा रिसॉर्ट में स्वागत कार्यक्रम के दौरान उदयपुरवाटी बजरंग दल संयोजक सुशील सैनी ने अपनी लेटरपेड पर लिखित में बरसाती दिनों में कस्बे में घूमचक्कर से लेकर चुंगी नंबर तीन तक भरने वाले गंदे पानी की निकासी, नगरपालिका के वार्ड नंबर 16 में कृष्णा होटल के पीछे से लेकर बस स्टैंड होते हुए झुंझुनू रोड पर स्थिति पुलिया तक सड़क व नालों के निर्माण के लिए, सरकारी अस्पताल में निर्मित ट्रॉमा सेंटर में मशीनरी व डॉक्टर्स को लगाकर सीएचसी के ट्रॉमा सेंटर को चालू करवाने, नागपालिका में आतंक फैला बंदरों को पकड़वाने, गत दिनों उदयपुरवाटी से शाकंभरी रोड की गई घोषणा का निर्माण चालू करवाने सहित कस्बे से जुड़ी कई समस्याओं के बारे में अवगत करवाया उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जनहित में विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करवाने का आश्वास दिया।



## नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर समिति की बैठक



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर भाईजी चौक स्थित राणाजी के नोहरे में इंसानियत एकता सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति उपाध्यक्ष महमूद अली राणा ने की। बैठक में समिति के छठे स्थापना दिवस के उपलक्ष में आगामी 2 मई को चूरू शहर में एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान ने बताया कि अभियान के तहत शहर में जगह -जगह नुक्कड़ सभा कर नौजवानों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। समिति मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान ने अपने विचार व्यक्त करते कहा कि वर्तमान समय में दिन ब-दिन नौजवानों में नशे की लत बढ़ती जा रही है,यह एक बहुत ही चिंता का विषय है। बैठक में समिति संस्थापक करामत खान, उपाध्यक्ष महमूद अली राणा, मीडिया प्रभारी मो. अली पठान, जाकिर खान, नौशाद खान, अयूब खान चायल, आवेश कुरैशी, सुलेमान मनिहार, महबूब खान, मोहम्मद अली राणा मौजूद रहे।

## झुंझुनूं में 1.25 करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** साइबर अपराध पुलिस थाना ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेडिंग के नाम पर 1,25,85,000 रुपए की साइबर ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अब तक इस प्रकरण में पीड़ित के खाते में 26,72,000 रुपए वापस रिकवर भी करवा दिए हैं।

### 1.25 करोड़ की ठगी का मामला

जानकारी के अनुसार परिवादी रिटायर्ड एडीशनल चीफ इंजीनियर विश?वेश्वर को अज्ञात ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगी की थी। पीड़ित से विभिन्न माध्यमों से कुल 1.25 करोड़ रुपए की ठगी की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना में मामला दर्ज किया गया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया।

### अब तक 26 लाख 72 हजार रिकवर हो चुके

गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जितेन्द्र (32) पुत्र रामवतार बैरवा निवासी अडुंडिया,



पुलिस थाना सूरवाल, जिला सवाईमाधोपुर को सवाईमाधोपुर से दस्तयाब किया। पूछताछ और जांच में सामने आया कि आरोपी जितेन्द्र के बैंक खाते में साइबर ठगी से प्राप्त करीब आठ लाख रुपए जमा थे। साइबर पुलिस ने प्रकरण दर्ज होने के बाद अब तक कुल 26,72,000 रुपए की राशि परिवादी के खाते में रिकवर करवाई जा चुकी है। पुलिस अब शेष राशि की रिकवरी तथा ठगी से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में भी जुटी हुई है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।